# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013
# सामान्य अध्ययन
## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल
## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. What will follow if a Money Bill is substantially amended by the Rajya Sabha ?**
**यदि राज्य सभा किसी धन विधेयक में सारभूत संशोधन करती है, तो तत्पश्चात् क्या होगा?**

(a) The Lok Sabha may still proceed with the Bill, accepting or not accepting the recommendations of the Rajya Sabha
लोक सभा, राज्य सभा की अनुशंसाओं को स्वीकार करे या अस्वीकार करे, इस विधेयक पर आगे कार्यवाही कर सकती है

(b) The Lok Sabha cannot consider the Bill further
लोक सभा विधेयक पर आगे कोई विचार नहीं कर सकती

(c) The Lok Sabha may send the Bill to the Rajya Sabha for reconsideration .
लोक सभा विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य सभा को लौटा सकती है

(d) The President may call a joint sitting for passing the Bill
राष्ट्रपति विधेयक को पारित करने के लिए संयुक्त बैठक आहूत कर सकता है

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**– संविधान के अनु0 110 के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) से (छ) तक के विषय धन विधेयक की श्रेणी में आते हैं। धन विधेयक के सम्बन्ध में राज्यसभा का अधिकार सीमित है। लोकसभा, राज्यसभा की अनुशंसाओं को धन विधेयक के सम्बन्ध में स्वीकार करें या अस्वीकार करें उसे इस विधेयक पर आगे की कार्यवाही करने का अधिकार है।

**2. Which one of the following statements is correct ?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?**

(a) In India, the same person cannot be appointed as Governor for two or more States at the same time
भारत में एक ही व्यक्ति को एक ही समय में दो या अधिक राज्यों में राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता

(b) The Judges of the High Court of the States in India are appointed by the Governor of the State just as the Judges of the Supreme Court are appointed by the President
भारत में राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं

(c) No procedure has been laid down in the Constitution of India for the removal of a Governor for his/ her post
भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने हेतु कोई भी प्रक्रिया अधिकथित नहीं है

(d) In the case of a Union Territory having a legislative setup, the Chief Minister is appointed by the Lt. Governor on the basis of majority support.
विधायी व्यवस्था वाले संघ राज्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा, बहुमत समर्थन के आधार पर, की जाती है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद 153 के अनुसार प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा। सातवें संविधान संशोधन द्वारा यह व्यवस्था की गई कि एक ही राज्यपाल दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है। राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। सामान्यतः वह 5 वर्ष के लिए नियुक्त होता है परन्तु राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करता है इसलिए संविधान में उसे हटाने की प्रक्रिया का उल्लेख नहीं है।

**3. Which one of the following pairs is correctly matched ?**
**निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?**

| Geographical Feature<br>भौगोलिक लक्षण | | Region<br>प्रदेश |
|---|---|---|
| (a) Abyssinian Plateau<br>एबिसिनी पठार | : | Arabia<br>अरब |
| (b) Atlas Mountains<br>एटलस पर्वत | : | North-Western Africa<br>उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका |
| (c) Guiana Highlands<br>गुयाना उच्चभूमि | : | South-Western Africa<br>दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका |
| (d) Okavango Basin<br>ओकावांगो द्रोणी | : | Patagonia<br>पैटागोनिया |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**– सही सुमेल है–

| **भौगोलिक लक्षण** | | **प्रदेश** |
|---|---|---|
| एबिसिनी पठार | – | इथियोपिया |
| एटलस पर्वत | – | उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका |
| गुयाना उच्च भूमि | – | उत्तर पूर्व-दक्षिणी अमेरिका |
| ओकावांगो द्रोणी | – | पैंटागोनिया |

**4. With reference to the history of Indian rock-cut architecture, consider the following statements :**
**भारतीय शिलावस्तु के इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

1. The caves at Badami are the oldest surviving rock-cut caves in India.
   बादामी की गुफाएँ भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफाएँ हैं।
2. The Barabar rock-cut caves were originally made for Ajivikas by Emperor Chandragupta Maurya.
   बाराबर की शैलकृत गुफाएँ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा मूलतः आजीविकों के लिए बनवाई गई थीं।
3. At Ellora, caves were made for different faiths.
   एलोरा में, गुफाएँ विभिन्न धर्मों के लिए बनाई गई थीं।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/ केवल 1
(b) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(c) only 3 / केवल 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – बादामी, बाराबर और एलोरा की शैलकृत गुफाओं के निर्माण का काल क्रमशः छठी शताब्दी, ईसा.पूर्व पहली शताब्दी तथा पांचवीं से सातवीं शताब्दी के मध्य था। बादामी की शैलकृत गुफाएं प्राचीनतम नहीं है क्योंकि पूर्व में बाराबर तथा अजंता, एलोरा की गुफाओं का निर्माण हो चुका था। बाराबर की शैलकृत गुफाओं का निर्माण सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया तथा एलोरा की गुफाओं का संबंध जैन, बौद्ध और हिन्दू धर्मों से था।

**5. Recombinant DNA technology (Genetic Engineering) allows genes to be transferred**
**पुनर्योगज DNA प्रौद्योगिकी (Recombinant DNA Technology) (आनुवंशिक इंजीनियरी) जीनों को स्थानान्तरित होने देता है –**

1. across different species of plants
   पौधों की विभिन्न जातियों में
2. from animal to plants
   जन्तुओं से पौधों में
3. from microorganisms to higher organisms
   सूक्ष्मजीवी से उच्चतर जीवों में

**Select the correct answer using the codes given below**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – पुनर्योगज डीएनए तकनीक द्वारा किसी जीवाणु के जीन को पौधों की विभिन्न जातियों में स्थानान्तरित किया जा सकता है। इस तकनीक द्वारा किसी पौधे के डीएनए को किसी पशु में भी स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म जीवों के जीनों को उच्चतर जीवों के जीनों में स्थानांतरित किया जाता है।

**6. The Chinese traveler Yuan Chwang (Hiuen Tsang) who visited India recorded the general conditions and culture of India at that time . In this context, Which of the following statements is/are correct .**
**भारत की यात्रा करने वाले चीनी यात्री युआन च्वांग (ह्वेनत्सांग) ने तत्कालीन भारत की सामान्य दशाओं और संस्कृति का वर्णन किया है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. The roads and river-routes were completely immune from robbery.
   सड़क और नदी मार्ग लूटमार से पूरी तरह सुरक्षित थे।
2. As regards punishment for offences, ordeals by fire, water and poison were the instruments for determining the innocence or guilt of a person .
   जहाँ तक अपराधी के लिए दण्ड का प्रश्न है, अग्नि, जल व विष द्वारा सत्यपरीक्षा किया जाना ही किसी भी व्यक्ति की निर्दोषता अथवा दोष के निर्णय के साधन थे।
3. The tradesmen had to pay duties at ferries and barrier stations.
   व्यापारियों को नौघाटों और नाकों पर शुल्क देना पड़ता था।

**Select the correct answer using the codes given**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – चीनी यात्री ह्वेनत्सांग, हर्षवर्द्धन (606-647 ई.) के समय में भारत आया था। उसके अनुसार, सड़कों पर आवागमन सदैव पूर्णतः सुरक्षित नहीं था। वह स्वयं कई चोर-डाकुओं के चंगुल में फंस गया था। अतः कथन (1) गलत है। उसके अनुसार, अपराध या दोष/निर्दोष सिद्धि के लिए अग्नि, जल व विष द्वारा सत्यपरीक्षा की जाती थी। उसके अनुसार व्यापारिक घाटों, मार्गों और बिक्री की वस्तुओं पर व्यापारियों द्वारा राज्य को कर अदा किया जाता था। ह्वेनत्सांग की जीवनी 'सी-यू-की' से तत्कालीन भारत की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक विषयों के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त होती हैं।

**7. Consider the following**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**

1. Star tortoise /तारा कछुआ
2. Monitor lizard /मॉनीटर छिपकली
3. Pygmy hog/वामन सुअर
4. Spider monkey /स्पाइडर वानर

**Which of the above are naturally found in India ?**
**उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप से पाये जाते हैं?**

(a) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 4 only /केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (a)

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**व्याख्या**– भारत के संकटापन्न स्थानीय प्रजातियाँ तारा कछुआ, मॉनीटर छिपकली तथा वामन सुअर है जबकि स्पाइडर वानर मध्य एवं दक्षिण अमेरिका में उष्ण कटिबंधीय देशों तथा मैक्सिको में मिलता है।

**8. Which of the following can be found as pollutants in the drinking water in some parts of India ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से भारत के कुछ भागों में पीने के जल में प्रदूषक के रूप में पाए जाते हैं?**

1. Arsenic /आर्सेनिक
2. Sorbitol /सारबिटॉल
3. Fluoride/फ्लुओराइड
4. Formaldehyde /फार्मेल्डिहाइड
5. Uranium/यूरेनियम

**Select the correct answer using the codes given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(b) 2,4 and 5 only /केवल 2, 4 और 5
(c) 1,3 and 5 /केवल 1, 3 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 and 5, /1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत के कई राज्यों में पीने के जल में प्रदूषक के रूप में आर्सेनिक, फ्लुओराइड और यूरेनियम जैसे घातक व जहरीले तत्व पाए जाते हैं।
**नोट-** भारत में अधिकतर राज्य जल प्रदूषण से जूझ रहे हैं जो ओडिशा, मेघालय, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि हैं।

**9. With reference to Indian History, the Members of the Constituent Assembly from the Provinces were**
**भारतीय इतिहास के संदर्भ में, प्रान्तों से संविधान सभा के सदस्य** –

(a) directly elected by the people of these provinces
उन प्रान्तों के लोगों द्वारा सीधे निर्वाचित हुए थे
(b) nominated by the Indian National Congress and the Muslim League
भारतीय राष्ट्रीय कॉँग्रेस तथा मुस्लिम लीग द्वारा नामित हुए थे
(c) elected by the Provincial Legislative Assemblies
प्रान्तीय विधान सभाओं द्वारा निर्वाचित हुए थे
(d) selected by the Government for their expertise in constitutional matters
सरकार द्वारा, संवैधानिक मामलों में उनकी विशेषज्ञता के लिए चुने गए थे

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – कैबिनेट मिशन के अंतर्गत जुलाई-अगस्त 1946 में संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव हुआ। 296 सदस्यों का निर्वाचन ब्रिटिश भारत के अधीन 11 प्रान्तों की विधान सभाओं द्वारा एवं 4 चीफ कमिश्नर प्रान्तों से हुआ। प्रान्तों में स्थानों का आरक्षण मुस्लिम, सिक्ख तथा सामान्य सम्प्रदायों में जनसंख्या के अनुपात में हुआ।

**10. Consider the following animals :**
**निम्नलिखित जंतुओं पर विचार कीजिए** –

1. Sea cow /समुद्री गाय
2. Sea horse /समुद्री घोड़ा
3. Sea lion /समुद्री सिंह

**Which of the above is/are mammal/ mammals ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से स्तनधारी है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – समुद्री गाय तथा समुद्री सिंह स्तनधारी हैं जबकि समुद्री घोड़ा सागरीय मछली की प्रजाति है।

**11. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए** –

1. An amendment to the Constitution of India can be initiated by an introduction of a bill in the Lok Sabha only./भारत के संविधान में संशोधन केवल लोक सभा में एक विधेयक की पुनःस्थापना द्वारा ही प्रारम्भ किया जा सकता है।
2. If such an amendment seeks to make changes in the federal character of the Constitution, the amendment also requires to be ratified by the legislature of all the States of India
यदि ऐसा संशोधन संविधान के संघीय चरित्र में परिवर्तन की माँग करता है, तो संशोधन का अनुसमर्थन भारत के सभी राज्यों के विधानमण्डल द्वारा किया जाना भी आवश्यक है।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा या राज्य सभा दोनों में ही पेश किया जा सकता है। यदि ऐसा संशोधन संविधान के संघीय चरित्र में परिवर्तन की माँग करता है तो संशोधन का अनुसमर्थन संसद के 2/3 सदस्यों का बहुमत एवं भारत के आधे से अधिक राज्यों के विधानमण्डलों द्वारा किया जाना अनिवार्य है। अतः न ही (1) और न ही (2) सत्य है।

**12. Consider the following statements**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए** –

**Attorney General of India can**
**भारत का महान्यायवादी (Attorney General of India)**

1. take part in the proceedings of the Lok Sabha
लोक सभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है
2. be a member of acommittee of the Lok Sabha
लोक सभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है
3. speak in the Lok Sabha
लोक सभा में बोल सकता है

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

4. vote in the Lok Sabha
   लोक सभा में मतदान कर सकता है

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 4 /2 और 4
(c) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(d) 1 and 3 only /केवल 1 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – अनुच्छेद 88 के तहत महान्यायवादी को यह अधिकार होता है कि वह संसद के किसी भी सदन, सदन की संयुक्त बैठक और संसद की किसी भी समिति में बोले तथा उसकी कार्यवाही में हिस्सा ले सकता। लेकिन उसे मत देने का अधिकार नहीं है। इसके अतिरिक्त उसे अपने कर्तव्यों के पालन में भारत के किसी भी न्यायालय की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार होता है। संविधान के अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी का उल्लेख किया गया है।

**13. With reference to the usefulness of the by-products of sugar industry, which of the following statements is/are correct ?**
**शर्करा उद्योग (Sugar Industry) के उपत्पाद की उपयोगिता के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. Bagasse can be use as biomass fuel for the generation of energy.
   खोई को, ऊर्जा उत्पादन के लिए जैव मात्रा ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
2. Molasses can be use as one of the feedstocks for the production of synthetic chemical fertilizers.
   शीरे को, कृत्रिम रासायनिक उर्वरकों के उत्पादन के लिए एक भरण-स्टॉक की तरह प्रयुक्त किया जा सकता है।
3. Molasses can be used for the production of ethanol.
   शीरे को, एथनॉल उत्पादन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–शर्करा उद्योग के उपोत्पाद की उपयोगिता के संदर्भ में सही है–
● खोई को ऊर्जा उत्पादन के लिए जैव मात्रा ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
● खोई को कागज उद्योग में भी प्रयोग किया जाता है।
● शीरे को एथनॉल उत्पादन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

**14. Variations in the length of daytime and nighttime from season to season are due to**
**अलग-अलग ऋतुओं में दिन-समय और रात्रि-समय के विस्तार में विभिन्नता किस कारण से होती है?**

(a) the earth's rotation on its axis
    पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन
(b) the earth's revolution round the sun in an elliptical manner
    पृथ्वी का, सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय रीति से परिक्रमण
(c) latiutudinal position of the place
    स्थान की अक्षांशीय स्थिति
(d) revolution of the earth on a tilted axis
    पृथ्वी का नत अक्ष पर परिक्रमण

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – दिन समय और रात्रि-समय के विस्तार में विभिन्नता का कारण पृथ्वी के अपने अक्ष पर 23½° का झुकाव ही सूर्य का उत्तरायन एवं दक्षिणायन का कारण है जिससे ऋतु परिवर्तन के साथ ही दिन की अवधि में परिवर्तन होता है। 21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर चमकता है और 22 दिसम्बर को मकर रेखा पर चमकता है।

**15. The narmada river flows to the west, while most other large peninsular rivers flow to the east. Why ?**
**नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य प्रायद्वीपीय बड़ी नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं। ऐसा क्यों है?**

1. It occupies a linear rift valley.
   यह एक रेखीय विभ्रंश (रिफ्ट) घाटी में रहती है।
2. It flows between theVindhyas and the Satpuras.
   यह विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच बहती है।
3. The land slopes to the west from Central India
   भूमि का ढलान मध्य भारत से पश्चिम की ओर है।

**Select the correct answer using the codes given below**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1 (b) 2 and 3 / 2 और 3
(c) 1 and 3 /1 और 3 (d) None /कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – नर्मदा नदी का उद्गम मैकाल पर्वत की अमरकंटक चोटी से है। गोदावरी प्रायद्वीप की सबसे बड़ी नदी है। यह भ्रंश घाटी में बहती है इसलिए इसका बहाव पश्चिम दिशा की ओर है। नर्मदा एवं ताप्ती ऐसी नदियाँ हैं, जो भ्रंश घाटी से होकर बहती हैं और अरब सागर में गिरती हैं। ताप्ती नदी मध्य प्रदेश की सतपुड़ा पहाड़ी से निकलती है। दोनों ही नदियां अपने मुहाने पर एश्चुअरी का निर्माण करती हैं।

**16. On the planet earth, most of the freshwater exists as ice caps and glaciers. Out of the remaining freshwater, the largest proportion**
**पृथ्वी ग्रह पर, अधिकांश अलवण-जल, बर्फ छत्रक और हिमनद के रूप में रहता है। शेष अलवण जल का सबसे अधिक भाग –**

(a) is found in atmosphere as moisture and clouds
    वायुमण्डल में आर्द्रता और बादलों के रूप में पाया जाता है
(b) is found in freshwater lakes and rivers
    अलवण-जल झीलों और नदियों में पाया जाता है

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(c) exists as ground water
भूमिगत जल के रूप में है
(d) exists as soil moisture
मृदा आर्द्रता के रूप में है
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – पृथ्वी ग्रह पर अलवण जल का हिस्सा इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| भूमिगत जल | – | 0.76% |
| वायुमण्डल में | – | 0.001% |
| मृदा आर्द्रता | – | 0.001% |
| झील एवं नदी | – | 0.009% |

**17. Consider the following pairs :**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Nokrek Biosphere Reserve | : | Garo Hills |
| नोक्रेक जीवमण्डल रिजर्व | : | गारो पहाड़ियाँ |
| 2. Logtak (Loktak) Lake | : | Barail Range |
| लोगटक (लोकटक) | : | बरैल क्षेत्र |
| 3. Namdapha National Park | : | Dafla Hills |
| नाम्डाफा राष्ट्रीय उद्यान | : | डफ्ला पहाड़ियाँ |

**Which of the above pairs is /are correctly matched ?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**
(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1,2 and 3. /1, 2 और 3
(d) None/कोई नहीं
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सही सुमेल है –
नोक्रेक जीवमण्डल रिजर्व – गारो पहाड़ियाँ
लोकटक झील – मणिपुर हिल्स
नाम्डाफा राष्ट्रीय उद्यान – मिशमी तथा पटकाई बूम क्षेत्र के मध्य

**18. Consider the following :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**
1. Electromagnetic radiation
विद्युत-चुम्बकीय विकिरण
2. Geothermal energy/भूतापीय ऊर्जा
3. Gravitational forces/गुरुत्वीय बल
4. Plate movements/प्लेट संचलन
5. Rotation of th earth/पृथ्वी का घूर्णन
6. Revolution of the earth/पृथ्वी का परिक्रमण

**Which of the above are responsible for bringing dynamic changes on the surface of the earth ?**
**उपर्युक्त में से कौन-से पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने के लिए जिम्मेदार हैं?**
(a) 1,2,3, and 4 /केवल 1, 2, 3 और 4
(b) 1,3,5 and 6 only /केवल 1, 3, 5 और 6
(c) 2,4,5 and 6 only /केवल 2, 4, 5 और 6
(d) 1, 2, 3, 4, 5 and 6 /1, 2, 3, 4, 5 और 6
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने में अंतर्जात बलों की भूमिका होती है। पृथ्वी के आंतरिक भाग में तापीय विषमता तथा शैलों के संकुचन व विस्तार के कारण अंतर्जात बलों की उत्पत्ति होती है। साथ ही विद्युत चुम्बकीय विकिरण, गुरुत्वीय बल की भी भूमिका होती है। पृथ्वी के घूर्णन, परिक्रमण व भूतापीय ऊर्जा भी पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने के कारण है।

**19. Which of the following bodies does not / do not find mention in the Constitution ?**
**निम्नलिखित में से किस निकाय/किन निकायों का संविधान में उल्लेख नहीं है?**
1. National Development Council /राष्ट्रीय विकास परिषद
2. Planning Commission /योजना आयोग
3. Zonal Councils/क्षेत्रीय परिषदें

**Select the correct answer using the code given below**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) 1 and 2only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1,2 and 3 /1, 2 और 3
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**– प्रश्नानुसार तीनों संविधानेत्तर निकाय हैं। योजना आयोग की स्थापना 1950 में मंत्रिमण्डलीय प्रस्ताव द्वारा की गई थी। यह योजना का निर्माण करता है। राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना 6 अगस्त, 1952 को मंत्रिमण्डलीय प्रस्ताव द्वारा किया गया था। यह योजना निर्माण पश्चात् उसकी जाँच करता है। क्षेत्रीय परिषद की स्थापना 1962 में की गई थी।

**20. The demand for the Tebhaga Peasant Movement in Bengal was for**
**बंगाल के तिभागा किसान आंदोलन की क्या माँग थी?**
(a) the reduction of the share of the landlords from one-half of the crop to one-third/जमींदारों की हिस्सेदारी को फसल के आधे भाग से कम करके एक-तिहाई करना
(b) the grant of ownership of land to peasants as they were the actual cultivators of the land
भूमि का वास्तविक खेतिहर होने के नाते, भू-स्वामित्व कृषकों को प्रदान करना
(c) The uprooting of Zamindari system and the end of serfdom
जमींदारी प्रथा का उन्मूलन तथा कृषि दासता का अंत
(d) Writing off all peasant debats
कृषकों के समस्त ऋणों को रद्द करना
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – तेभागा आंदोलन वर्ष 1946 में चलाया गया। यह बंगाल का सर्वाधिक सशक्त कृषक आंदोलन था। इस आंदोलन द्वारा बटाईदारों ने यह माँग की थी कि उन्हें उपज का तिभागा अर्थात् एक तिहाई भाग प्रदान किया जाय। यह जोतदारों के विरुद्ध बटाईदारों का आंदोलन था जिसे कम्पा राय और भवन सिंह जैसे नेताओं ने नेतृत्व प्रदान किया था।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**21. The Parliament can make any law for whole or any part of India for implementing international treaties**
**संसद्, अंतरराष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिए, कोई भी कानून बना सकती है –**

(a) with the consent of all the state
सभी राज्यों की सहमति से

(b) with the consent of majority of States
बहुसंख्य राज्यों की सहमति से

(c) with the consent of the States concerned
सम्बन्धित राज्यों की सहमति से

(d) without the consent of any state
बिना किसी राज्य की सहमति से

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – अनुच्छेद 253 के अनुसार बिना किसी राज्य की सहमति के संसद को किसी अन्य देश या देशों के साथ की गई किसी संधि या करार या अभिसमय, या किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, संगम या अन्य निकाय में लिए गये किसी विनिश्चय के क्रियान्वयन के लिए भारत के सम्पूर्ण राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।

**22. In the grasslands, trees do not replace the grasses as a part of an ecological succession because of**
**घास स्थलों में वृक्ष पारिस्थितिक अनुक्रमण (Ecological Succession) के अंश के रूप में किस कारण घासों को प्रतिस्थापित नहीं करते हैं?**

(a) insects and fungi
कीटों एवं कवकों के कारण

(b) limited sunlight and paucity of nutrients
सीमित सूर्य के प्रकाश एवं पोषक तत्वों की कमी के कारण

(c) water limits and fire
जल की सीमाओं एवं आग के कारण

(d) None of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – समुदाय और पर्यावरण में पारस्परिक क्रिया से जो परिवर्तन उत्पन्न होते हैं, उसके फलस्वरूप क्रमशः एक समुदाय दूसरे के द्वारा प्रतिस्थापित होते रहते हैं। यही 'पारिस्थितिक अनुक्रमण' कहलाती है। घास स्थलों में घास वर्षा के अधिकतर जल को पौधों की जड़ों तक पहुँचने से पूर्व ही अवशोषित कर लेती है। साथ ही आग लगने आदि कारणों से घास स्थलों की भूमि पथरीली और बंजर हो जाती है। ऐसी भूमि लाइकेन के लिए बेहद अनुकूल होती है।

**23. Which one of the following is the correct sequence of ecosystems in the order of decreasing productivity ?**
**पारितंत्रों की घटती उत्पादकता (Decreasing Productivity of Ecosystems) के क्रम में उनका निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?**

(a) Oceans, lakes, grasslands mangroves
महासागर, झील, घासस्थल, मैंग्रोव

(b) Mangroves, oceans, grasslands, lakes
मैंग्रोव, महासागर, घासस्थल, झील

(c) Mangroves, grasslands, lakes, oceans
मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर

(d) Oceans, mangroves, lakes, grasslands
महासागर, मैंग्रोव, झील, घासस्थल

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – परितंत्रों की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका सही अनुक्रम है - मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर।

**24. Contour bonding is a method of soil conservation used in**
**भू-संरक्षण की परिरेखा बंधन विधि का प्रयोग कहाँ के लिए होता है?**

(a) desert margins, liable to strong wing action
प्रबल पवन क्रिया के अधीन मरु उपान्त

(b) low flat plains, close to stream courses, liable to flooding/नदी प्रवाहों के सन्निकट का, बाढ़ग्रस्त होने वाला, निम्न समतल मैदान

(c) scrublands, liable to spread to weed growth
अपतृण के बढ़कर फैलने की सम्भावना से युक्त गुल्म भूमि

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भू-संरक्षण की परिरेखा बंधन विधि (कंटूर बडिंग विधि) का प्रयोग पर्वतीय ढालों के सहारे मृदा संरक्षण हेतु किया जाता है। भू-संरक्षण के तहत अन्य उपाय समोच्च रेखा के अनुसार मेढ़बंदी, सीढ़ीदार खेत बनाना, नियमित वानिकी, नियंत्रित चराई, आवरण फसलें उगाना, मिश्रित खेती तथा शस्यावर्तन आदि उपचार हैं।

**25. The Government enacted the Panchayat Extension to Scheduled Areas (PESA) Act in 1996. Which one of the following is not identified as its objective ?**
**सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) अधिनियम को 1996 में अधिनियमित किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक उसके उद्देश्य के रूप में अभिज्ञात नहीं है?**

(a) To provide self-governance
स्वशासन प्रदान करना

(b) To recognize traditional rights
पारम्परिक अधिकारों को मान्यता देना

(c) To create autonomuous regions in tribal areas
जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त क्षेत्रों का निर्माण करना

(d) To free tribal people form eploitation
जनजातीय लोगों को शोषण से मुक्त कराना

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 को अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय स्वशासन के लिए लाया गया था जिससे जनजातियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा व उनकी शोषण से मुक्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अधिनियम में जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त क्षेत्रों के निर्माण का उद्देश्य शामिल नहीं है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**26. Under the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, who shall be the authority to initiate the process for determining the nature and extent of individual or community forest rights or both?**

**अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारम्परिक बनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अधीन, व्यक्तिगत या सामुदायिक वन अधिकारों अथवा दोनों की प्रकृति एवं विस्तार के निर्धारण की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिए कौन प्राधिकारी होगा?**

(a) State Forest Department /राज्य वन विभाग

(b) District Collector / Deputy Commissioner
जिला कलक्टर/उपायुक्त

(c) Tahsildar/Block Development Officer/ Mandal Revenue Officer
तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी/मण्डल राजस्व अधिकारी

(d) Gram Sabha/ग्राम सभा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – अनुसूचित जाति एवं अन्य पारम्परिक वनवासी अधिनियम, 2006 के अनुसार व्यक्तिगत या सामुदायिक वन अधिकारों की प्रकृति तथा विस्तार के निर्धारण की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिए प्राधिकारी संस्था ग्राम सभा है।

**27. Improper handling and storage of cereal grains and oilseeds result in the production of toxins known as aflatoxins which are not generally destroyed by normal cooking process. Aflatoxins are produced by**

**अनाजों और तिलहनों के अनुपयुक्त रख-रखाव और भंडारण के परिणामस्वरूप आविषों का उत्पादन होता है, जिन्हें अफ्लाटॉक्सीन के नाम से जाना जाता है, जो सामान्यतः भोजन बनाने की आम विधि द्वारा नष्ट नहीं होते। अफ्लाटॉक्सीन किसके द्वारा उत्पादित होते हैं?**

(a) bacteria /जीवाणु (b) Protozoa/प्रोटोजोआ

(c) moulds/फफूँदी (d) viruses /विषाणु

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**– अफ्लाटॉक्सीन नामक आविष एस्परजिलस फ्लेवस (Aspergillus felavus) नामक फफूँद द्वारा खाद्य पदार्थों पर द्वितीयक अपापचयी क्रिया का प्रतिफल है।

**28. 'Economic Justice' as one of the objectives of the Indian Costitution has been provided in**

**भारत के संविधान के उद्देश्यों में से एक के रूप में 'आर्थिक न्याय' का किसमें उपबन्ध किया गया है?**

(a) The Preamble and the Fundamental Rights
उद्देशिका और मूल अधिकार

(b) The Preamble and the Directive Principles of State Policy
उद्देशिका और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(c) The Fundamental Rights and the Directive Principles of State Policy
मूल अधिकार और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(d) None of the above/उपर्युक्त में से किसी में नहीं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– भारतीय संविधान की उद्देशिका में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय का वर्णन किया गया है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अधीन अनुच्छेद 38 में यह स्पष्ट है कि राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाये जिससे नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय मिल सके।

**29. Due to improper/ indiscriminate disposal of old and used computers or their parts, which of the following are released into the environment as e-waste ?**

**पुराने और प्रयुक्त कम्प्यूटरों या उनके पुर्जों के असंगत/अव्यवस्थित निपटान के कारण, निम्नलिखित में से कौन-से ई-अपशिष्ट के रूप में पर्यावरण में निर्मुक्त होते हैं?**

1. Beryllium/बेरिलियम 2. Cadmium /कैडमियम
3. Chromium/क्रोमियम 4. Heptachlor/हेप्टाक्लोर
5. Mercury/पारा 6. Lead/सीसा
7. Plutonium/प्लूटोनियम

**Select the correct answer using the codes given below**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 3, 4, 6 and 7 only /केवल 1, 3, 4, 6 और 7

(b) 1, 2, 3, 5 and 6 only /केवल 1, 2, 3, 5 और 6

(c) 2, 4, 5 and 7 only /केवल 2, 4, 5 और 7

(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 and 7 /1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– पुराने तथा प्रयुक्त कम्प्यूटरों या उनके पुर्जों के असंगत/अव्यवस्थित निपटान के कारण बेरिलियम, कैडमियम, क्रोमियम, पारा तथा सीसा ई-अवशिष्ट के रूप में पर्यावरण के रूप में निर्मुक्त होते हैं। प्लूटोनियम एक नाभिकीय अपशिष्ट है जो मुख्यतः नाभिकीय प्रतिष्ठानों के परिधि में या प्रयुक्त ईंधन के डंपिंग वाले स्थानों पर ही मिलता है।

**30. Acid rain is caused by the pollution of environment by**

**अम्ल वर्षा (Acid Rains) किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?**

(a) carbon dioxide and nitrogen
कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन

(b) carbon monoxide and carbon dioxide
कार्बन मोनो-ऑक्साइड और कार्बन डाइ-ऑक्साइड

(c) ozone and carbon dioxide
ओजोन और कार्बन डाइ-ऑक्साइड

(d) nitrous oxide and sulphur dioxide
नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइ-ऑक्साइड

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – अम्ल वर्षा हेतु नाइट्रस ऑक्साइड तथा सल्फर डाइ-ऑक्साइड मुख्यतः उत्तरदायी होती है। नाइट्रोजन व सल्फर के ऑक्साइड्स जल से क्रिया करके क्रमशः अमोनियम नाइट्रेट व सल्फ्यूरिक एसिड बनाते हैं तथा ये वर्षा के रूप में नुकसान पहुँचाते हैं।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**31. With reference to food chains in ecosystems, consider the following statements :**
**पारितंत्रों में खाद्य शृंखलाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. A food chain illustrates the order in which a chain of organisms feed upon each other.
   खाद्य शृंखला उस क्रम का निदर्शन करती है, जिसमें जीवों की एक शृंखला एक-दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है।
2. Food chains are found within the populations of a species.
   खाद्य शृंखला एक जाति की समष्टि के अंतर्गत पाई जाती है।
3. A food chain illustrates the numbers of each organism which are eaten by other.
   खाद्य शृंखला उस प्रत्येक जीव की संख्याओं का, जो दूसरों के द्वारा खाई जाती है, निदर्शन करती है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(d) None /कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – परितंत्र में खाद्य शृंखला उस क्रम का निदर्शन करती है जिसमें जीवों की एक शृंखला एक दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है तथा एक खाद्य शृंखला विभिन्न जातियों (Species) को समाविष्ट करती है।

**32. Consider the following pairs :**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –**

| National Park<br>**राष्ट्रीय उद्यान** | | River flowing through the Park<br>**उद्यान से होकर बहने वाली नदी** |
|---|---|---|
| 1. Corbett National Park<br>कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | – | Ganga/<br>गंगा |
| 2. Kaziranga National Park<br>काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | – | Manas<br>मनास |
| 3. Silent Valley National Park<br>साइलेन्ट वैली राष्ट्रीय उद्यान | – | Kaveri<br>कावेरी |

**Which of the above pairs is/are correctly matched ?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 and 2 /1 और 2
(b) 3 only /केवल 3
(c) 1 and 3 /1 और 3
(d) None /कोई नहीं

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**– जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड राज्य में अवस्थित है इस उद्यान से रामगंगा नदी होकर बहती है। जबकि साइलेन्ट वैली राष्ट्रीय उद्यान केरल राज्य में अवस्थित है, इस उद्यान से कुन्थीपुझा नदी प्रवाहित होती है और ब्रह्मपुत्र काजीरंगा नेशनल पार्क से होकर बहती है।

**33. Consider the following organisms :**
**निम्नलिखित जीवों पर विचार कीजिए –**

1. Agaricus/एगैरिकस
2. Nostoc/नॉस्टॉक
3. Spirogyra/स्पाइरोगाइरा

**Which of the above is /are used as biofertillizer/bio –fertilizers .**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त होता है/होते हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3 /2 और 3
(d) 3 only/केवल 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या -** विभिन्न प्रकार की मृदा स्थिति एवं प्रकृति के आधार पर जैव उर्वरकों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है–(i) नील हरित शैवाल और एजोला, (ii) एजोटोबैक्टर तथा एजोस्पाइरिलम, (iii) राइजोबियम।नील हरित शैवाल निम्न श्रेणी के पादप होते हैं, जिसे साइनोबैक्टीरिया भी कहा जाता है। नील हरित शैवाल द्वारा नाइट्रोजन का स्थिरीकरण एक विशिष्ट कोशिका हेटेरोसिस्ट द्वारा किया जाता है। इस शैवाल की कुछ प्रमुख जातियाँ - नास्टॉक, एनाबीना, यूलोथ्रिक्स और ओलोसिरा हैं।

**34. Which of the following adds/ add nitrogen to the soil ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से, मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाता है/बढ़ाते हैं?**

1. Excretion of urea by animals
   जन्तुओं द्वारा यूरिया का उत्सर्जन
2. Burning of coal by man
   मनुष्य द्वारा कोयले को जलाना
3. Death of vegetation
   वनस्पति की मृत्यु

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – जंतुओं के यूरिया उत्सर्जन, साथ ही जीवों एवं वनस्पतियों की मृत्यु के बाद अपघटकों द्वारा इनका अपघटन किया जाता है। इस प्रकार पेड़-पौधे इनसे पोषण प्राप्त करते हैं। इस तरह नाइट्रोजन चक्र की प्रक्रिया चलती रहती है तथा मृदा में नाइट्रोजन की मात्रा की पूर्ति होती रहती है।

**35. In which of the following States is lion-tailed macaque foud in its natural habitat ?**
**निम्नलिखित राज्यों में से किसमें/किनमें सिंह-पुच्छी वानर (मॅकाक) अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाता है?**

1. Tamil Nadu/तमिलनाडु
2. Kerala/केरल
3. Karnataka/कर्नाटक
4. Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2 and 3 /केवल 1, 2 और 3
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1, 3 and 4/केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सिंह पुच्छी वानर (मॅकाक) प्रजाति पश्चिमी घाट के कालामाडू पहाड़ी पर अधिवासित है जिसकी अवस्थिति कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु में है।

**36. Some Buddhist rock-cut caves are called Chaityas, while the others are called Viharas. What is the difference between the two ?**
**कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं (Caves) को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अंतर है?**

(a) Vihara is a place of worship, while Chaitya is the dwelling place of the monks/
विहार पूजा-स्थल होता है, जबकि चैत्य बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है
(b) Chaitya is a place of worship, while vihara is the dwelling place of the monks
चैत्य पूजा-स्थल होता है, जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान है
(c) Chaitya is the stupa at the far end of the cave, while Vihara is the hall axial to it
चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है, जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है
(d) There is no material difference between the two
दोनों में कोई वस्तुपरक अंतर नहीं होता

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – बौद्ध धर्म में जिस स्थान पर बौद्ध भिक्षु निवास करते थे, उसे बौद्ध विहार कहा जाता था। चैत्य बौद्धों के पूजा गृह होते थे। सामान्यतः चैत्य और विहार आस-पास होते थे। दक्षिण भारत में सबसे प्रसिद्ध कार्ले का चैत्य माना जाता है। बुद्ध की मृत्यु के उपरान्त बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने बौद्ध मठों एवं संघ की परम्परा को बनाएं रखा। बड़ी-बड़ी पहाड़ियों को काटकर दो प्रकार के स्थापत्यों का निर्माण किया। वे हैं- (1) बौद्ध विहार (2) चैत्य गृह। प्राचीन भारत में अनेक स्थानों पर (भाजा, कन्हेरी, नागार्जुन कोण्डा) इन स्थापत्यों के साक्ष्य दिखायी पड़ते हैं। मौर्य वंशीय, सम्राट अशोक एवं दशरथ ने अनेक बौद्ध विहारों एवं चैत्य गृहों का निर्माण बौद्ध भिक्षुओं के लिए करवाया था। इसमें कर्ण चौपड़, सुदामा गुहा आदि प्रसिद्ध हैं।

**37. Which one of the following describes best the concept of Nirvana in Buddhism ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक बौद्ध मत में निर्वाण की अवधारणा की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करता है?**

(a) The extinction of the flame of desire
तृष्णारूपी अग्नि का शमन
(b) The complete annihilation of self
स्वयं की पूर्णतः अस्तित्वहीनता
(c) A state of bliss and rest
परमानन्द एवं विश्राम की स्थिति
(d) A mental stage beyond all comprehension
धारणातीत मानसिक अवस्था

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – बौद्ध धर्म के अनुसार मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य है - निर्वाण प्राप्त करना। निर्वाण का अर्थ है दीपक का बुझ जाना अर्थात् जीवन-मरण के चक्र से मुक्त हो जाना। यह निर्वाण तभी प्राप्त हो सकता है जब सभी वर्तमान इच्छाओं के कारण समाप्त हो जाएँ और भविष्य में पैदा होने वाली इच्छाओं का जड़ से नाश हो जाए। निर्वाण में तृष्णा और द्वेष के **कारण** जड़ से समाप्त हो जाते हैं, जिससे मानव सभी प्रकार के कष्टों और संसार के पुनर्जन्म चक्र से मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

**38. According to the Constitution of India, which of the following are fundamental for the governance of the country ?**
**भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, देश के शासन के लिए आधारभूत है?**

(a) Fundamental Rights/मूल अधिकार
(b) Fundamental Duties/ मूल कर्तव्य
(c) Directive Principles of State Policy
राज्य के नीति के निदेशक तत्व
(d) Fundamental Rights and Fundamental Duties
मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – संविधान के चतुर्थ भाग में नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख किया गया है। इनकी प्रकृति के बारे में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 37 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि यद्यपि ये न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं फिर भी देश के प्रशासन में मूलभूत समझे जायेंगे तथा राज्यों का कर्तव्य होगा कि इसे लागू करें।

**39. The people of India agitated against the arrival of Simon Commission because :**
**साइमन कमीशन के आने के विरुद्ध भारतीय जन-आन्दोलन क्यों हुआ?**

(a) Indian never wanted the review of the working of the Act of 1919
भारतीय, 1919 के अधिनियम की कार्यवाही पुनरीक्षण कभी नहीं चाहते थे
(b) Simon Commission recommended the abolition of Dyarchy (Diarchy) in the Provinces
साइमन कमीशन ने प्रान्तों में द्विशासन की समाप्ति की संस्तुति की थी
(c) there was no Indian member in the Simon Commission
साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था
(d) the Simon Commission suggested the partition of the country
साइमन कमीशन ने देश के विभाजन का सुझाव दिया था

**उत्तर** – (c)

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**व्याख्या**– साइमन की अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यीय साइमन आयोग में सभी सदस्य अंग्रेज थे इसलिए कांग्रेसियों ने इसे श्वेत कमीशन कहा। 26-28 दिसम्बर, 1927 के मध्य मद्रास में हुए कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन जिसकी अध्यक्षता एम.ए. अंसारी ने की थी, में साइमन कमीशन के पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

**40. Quit India Movement was launched in response to**
**भारत छोड़ो किसकी प्रतिक्रिया में प्रारम्भ किया गया?**

(a) Cabinet Mission Plan/ कैबिनेट मिशन योजना
(b) Cripps Proposals /क्रिप्स प्रस्ताव
(c) Simon Commission Report/साइमन कमीशन रिपोर्ट
(d) Wavell Plan/वैवेल योजना

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – क्रिप्स प्रस्ताव (मार्च, 1942) की असफलता तथा जापानी आक्रमण के बढ़ते हुए खतरे तथा युद्धकालीन परिस्थितियों के कारण बढ़ती हुई कीमतों तथा वस्तुओं के अभाव ने भारतीय जनमानस को असन्तोष से भर दिया। 14 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भारत छोड़ो आन्दोलन पर एक प्रस्ताव पारित किया गया।

**41. The balance of payments of a country is a systematic record of**
**किसी देश का भुगतान संतुलन (Balance of Payment) किसका व्यवस्थित अभिलेख है?**

(a) all import and export transactions of a country during a given period of time, normally a year
किसी निर्धारित समय के दौरान, सामान्यतः एक वर्ष में, किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन
(b) goods exported from a country during a year
किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुएँ
(c) economic transaction between the government of one country to another
एक देश की सरकार और दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेन-देन
(d) capital movements from one country to another
एक देश से दूसरे देश को पूँजी का संचालन

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – एक निश्चित समयावधि में किसी देश द्वारा किए गए वस्तुओं के आयात-निर्यात के साथ-साथ सेवाओं के आयात-निर्यात, हस्तांतरण, भुगतान तथा ऋणों व परिसम्पत्तियों के स्थानान्तरण का लेखबद्ध विवरण 'भुगतान संतुलन' कहलाता है।

**42. The Reserve Bank of India regulates the commercial banks in matters of**
**निम्नलिखित में से कौन-से मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?**

1. liquidity of assets /परिसम्पत्तियों की तरलता
2. branch expansion /शाखा विस्तार
3. merger of banks /बैंकों का विलय
4. winding-up of banks/बैंकों का समापन

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 and 4 only /केवल 1 और 4
(b) 2, 3 and 4 only /केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों का नियंत्रण निम्न रूप से करता है –

- शाखा के विस्तार द्वारा
- बैंकों के विलय के द्वारा
- परिसम्पत्तियों की तरलता द्वारा।
- बैंकों के समापन द्वारा

**43. An increase in the Bank Rate generally indicates that the**
**बैंक दर में वृद्धि सामान्यतः इस बात का संकेत है कि –**

(a) market rate of interest is likely to fall
ब्याज की बाजार दर के गिरने की संभावना है
(b) Central Bank is no longer making loans to commercial banks
केंद्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्जे नहीं दे रहा
(c) Central Bank is following an easy money policy
केंद्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है
(d) Central Bank is following a tight money policy
केंद्रीय बैंक महँगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – बैंक दर वह दर है जिस पर केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंकों को प्रथम श्रेणी की प्रतिभूतियों पर ऋण सुविधाएं प्रदान करता है। सामान्यतः जब देश में महंगी मुद्रा नीति का अनुसरण किया जाता है तो बैंक दर में वृद्धि की जाती है जबकि सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण करने पर बैंक दर में कमी की जाती है।.

**44. In India, deficit financing is used for raising, resources for**
**भारत में घाटे की वित्त व्यवस्था (Deficit Financing) किसके लिए संसाधनों को बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है?**

(a) economic development
आर्थिक विकास के लिए
(b) redemtion of public debt
सार्वजनिक ऋण चुकाने के लिए
(c) adjusting the balance of payments
भुगतान शेष का समायोजन करने के लिए
(d) reducing the foreign debt
विदेशी ऋण कम करने के लिए

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारत एक विकासशील देश है। यहाँ पर अवसंरचना के विकास के लिए सरकार घाटे की वित्त व्यवस्था की सहायता लेती है जिससे आर्थिक विकास को सम्भव बनाया जा सके।

**45. Which of the following characterizes/characterize the people of Indus Civilization ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण सिन्धु सभ्यता के लोगों का सही चित्रण करता है/करते हैं?**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

1. They possessed great palaces and temples.
   उनके विशाल महल और मंदिर होते थे।
2. They worshipped both male and female deities.
   वे देवियों और देवताओं, दोनों की पूजा करते थे।
3. They employed horse-drawn chariots in warfare.
   वे युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गये रथों का प्रयोग करते थे।

**Select the correct statement/ statements using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 only / केवल 2
(c) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3
(d) None of the statements given above is correct
    उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – सिंधु घाटी सभ्यता के उत्खनन में किसी भी स्थल से पूजा स्थल या मंदिर का साक्ष्य नहीं मिला है। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो इत्यादि स्थानों से मिली नारी मृण मूर्तियों तथा मोहनजोदड़ो से प्राप्त पशुपति की मूर्ति के आधार पर मातृदेवी और आद्य शिव के पूजा का प्रमाण मिलता है। सैंधव सभ्यता में सुरकोतडा से मिली घोड़े की अस्थि के अतिरिक्त किसी स्थल से घोड़े का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता है। इस कारण घोड़ों द्वारा खींचे जाने वाला रथ का किसी भी प्रकार का साक्ष्य अप्राप्य है।

**46. Which of the following diseases can be transmitted from one person to another through tattooing?**
**निम्नलिखित बीमारियों में से कौन-से टैटू बनवाने के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित हो सकती है/हैं?**

1. Chikiungunya/चिकनगुनिया
2. Hepatitis B/यकृतशोथ B
3. HIV-AIDS /HIV-AIDS

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – टैटू बनवाने या संक्रमण के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित होने वाले रोग एड्स तथा यकृतशोध हैं। दूसरी ओर चिकनगुनिया एक विषाणु जनित रोग है तथा यह मच्छर काटने से फैलता है। इसका वाहक मच्छर होता है।

**47. Which of the following statements is/ are applicable to jain doctrine ? /**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन जैन सिद्धान्त के अनुरूप है/हैं?**

1. The surest way of annihilating Karma is to practice penace.
   कर्म को विनष्ट करने का सुनिश्चित मार्ग तपस्या है।
2. Every object, even the smallest particle has a soul.
   प्रत्येक वस्तु में, चाहे वह सूक्ष्मतम कण हो, आत्मा होती है।
   Karma is the bane of the soule and must be ended .
3. कर्म आत्मा का विनाशक है और अवश्य इसका अंत करना चाहिए।
   Karma is the bane of the soule and must be ended

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1only / केवल 1
(b) 2 and 3 only / केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे और इन्हीं को जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। जैन ग्रंथ 'आचारांग सूत्र' में बताया गया है कि कर्म को विनष्ट करने का सुनिश्चित मार्ग तपस्या है। जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की प्रत्येक वस्तु में, चाहे वह सूक्ष्मतम् कण ही हो, उसमें आत्मा विद्यमान रहती है। जैन दर्शन में कर्म के अणुओं का जीवन की ओर प्रवाह 'आस्रव' कर्म के अणुओं का प्रवाह जीव की ओर रुक जाये तो 'संवर' और अवशिष्ट कर्म का जल जाना या पहले से विद्यमान अणुओं का क्षय हो जाना 'निर्जरा' कहलाता है। इन सिद्धान्तों के अनुसार कर्म आत्मा का विनाशक है और इसका अंत तुरंत करना चाहिए।

**48. Which one of the following terms describes not only the physical space occupied by organism, but also its functional role in the community of organisms ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक पद, केवल जीव द्वारा ग्रहण किये गये दिक्स्थान का ही नहीं, बल्कि जीवों के समुदाय में उसकी कार्यात्मक भूमिका का भी वर्णन करता है?**

(a) Ecotone /संक्रमिका (ईकोटोन)
(b) Ecological niche /पारिस्थितिक कर्मता
(c) Habitat/आवास
(d) Home range /आवास क्षेत्र

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – पारिस्थितिक निकेत किसी प्रजाति के जीवन पद्धति की समग्रता है। इसके तहत उस प्रजाति के अधिवास तथा अन्य जैविक समुदाय से कार्यात्मक अन्तर्सम्बन्ध को शामिल किया जाता है। जीवों द्वारा ग्रहण किये गये दिक्स्थान का ही नहीं बल्कि जीवों के समुदाय में उसकी कार्यात्मक भूमिका का भी वर्णन करता है।

**49. Photochemical smog is a resultant of the reaction among**
**प्रकाश रासायनिक धूम (Photo Chemical Smog) का बनना किनके बीच अभिक्रिया का परिणाम होता है?**

(a) $NO_2$, $O_3$ and peroxyacetyl nitrate in the presence of sunlight/$NO_2$, $O_3$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

(b) $CO$, $O_2$ and peroxyacetyl nitrate in the presence of sunlight/$CO$, $O_2$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में

(c) $CO$, $CO_2$ and $NO_2$ at low temperature $CO$, $CO_2$ तथा $NO_2$ के बीच, निम्न ताप पर

(d) hight concentration of $NO_2$ $O_3$ and $CO$ in the evening/$NO_2$ के उच्च सांद्रण, $O_3$ तथा $CO$ के बीच, शाम के समय

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रकाश रासायनिक धूम का निर्माण होना $NO_2O_3$ तथा पेराक्सी ऐसिटिल नाइट्रेट के मध्य सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति की अभिक्रिया का परिणाम होता है। नाइट्रोजन ऑक्साइड सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में पारस्परिक क्रिया कर नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड, ओजोन तथा पैरॉक्सिल एसीटाइल नाइट्रेट (PAN) उत्पादित करते हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से प्रकाश रासायनिक स्मोक या धूम कहते हैं। ये पौधे के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं।

**50. Consider the following minerals :**
**निम्नलिखित खनिजों पर विचार कीजिए –**

1. Calcium /कैल्सियम
2. Iron /लौह
3. Sodium/सोडियम

**Which of the minerals given above is /are required by human body for the contraction of muscles ?**
**उपर्युक्त खनिजों में से मानव शरीर में पेशियों के संकुचन के लिए किसकी/किनकी आवश्यकता होती है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मानव रक्त में पोटैशियम, सोडियम, लौह तथा कैल्शियम हृदय की गति तथा माँसपेशियों को उत्तेजित एवं उनमें संकुचन के लिए आवश्यक हैं।

**51. Consider the following statements :**
**The Parliamentary Committee on Public Accounts**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**लोक लेखा की संसदीय समिति**

1. **consists of not more than 25 Members of the Lok Sabha**
   **लोक सभा के अधिकतम 25 सदस्यों से गठित होती है**
2. **scrutinizes appropriation and finance accounts of the Government**
   **सरकार के विनियोग तथा वित्त लेखाओं की जाँच करती है**
3. **examines the report of the Comptroller and Auditor General of India**
   **भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट की जाँच करती है**

**Which of the statement given above is /are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन सा-से सही है/है**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 3 only /केवल 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**Ans. (b) :**

**52. Consider the following Bhakti Saints :**
**निम्नलिखित भक्ति संतों पर विचार कीजिए –**

1. Dadu Dayal /दादू दयाल
2. Guru Nanak/गुरु नानक
3. Tyagaraja/त्यागराज

**Who among the above was/ were preaching When the Lodi dynasty fell and Babur took over?**
**इनमें से कौन उस समय उपदेश देता था/देते थे जब लोदी वंश का पतन हुआ तथा बाबर सत्तारूढ़ हुआ?**

(a) 1 and 3 /1 और 3 (b) 2 only / केवल 2
(c) 2 and 3 / 2 और 3 (d) 1 and 2 / 1 और 2

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – लोदी वंश का काल 1451 से 1526 तक था। इस समय गुरु नानक (1469-1539) ने अपने उपदेश दिए। इन्होंने निराकार ईश्वर की कल्पना की और इस ईश्वर को अकाल पुरुष की संज्ञा दी। जबकि अन्य भक्ति संत दादू दयाल (1544-1603) मुगल सम्राट अकबर के समकालीन थे तथा त्यागराज (1767-1847) भक्ति मार्गी कवि एवं कर्नाटक संगीत के महान संगीतज्ञ थे।

**53. With reference to the food chains in ecosystems. which of the following kinds. of organism is/ are know as decomposer organism/organisms ?**
**पारितंत्र में खाद्य श्रृंखलाओं (Food Chains) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस प्रकार का/के जीव अपघटक जीव कहलाता है/कहलाते हैं?**

1. Virus/विषाणु 2. Fungi/कवक 3. Bacteria/जीवाणु

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – अपघटक जीव वे हैं जो प्रायः उत्पादक तथा उपभोक्ताओं की मृत्यु के पश्चात् उनके शरीर का अपघटन करते हैं तथा इनसे निर्मित साधारण पदार्थों द्वारा अपना भोजन एवं ऊर्जा प्राप्त करते हैं। इस क्रिया के फलस्वरूप जटिल कार्बनिक पदार्थ टूट-टूटकर नाइट्रोजन, $CO_2$, लवण तथा फास्फोरस व कैल्सियम आदि तत्वों में अपघटित हो जाते हैं। ये पदार्थ वायुमंडल एवं पृथ्वी में मुक्त होते रहते हैं, पौधे इन्हें ले लेते हैं और इनसे भोजन व शरीर का निर्माण करते हैं। यह क्रम निरंतर चलता रहता है। अपघटनकर्ताओं के अंतर्गत मृतोपजीवी कवक एवं जीवाणु आते हैं।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**54. The most important fishing grounds of the world are found in the regions where**
**संसार के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मत्स्यन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ –**

(a) warm and cold atmospheric currents meet
उष्ण तथा शीत वायुमण्डलीय धाराएँ मिलती हैं
(b) rivers drain out large amounts of freshwaer into the sea
नदियाँ सागरों में प्रचुर मात्रा में ताजा जल प्रवाहित करती हैं
(c) warm and cold oceanic currents meet
उष्ण तथा शीत सागरीय धाराएँ मिलती हैं
(d) continental shelf is undulating
महाद्वीपीय शेल्फ तरंगिता है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – उष्ण तथा शीत सागरीय धाराओं के मिलन स्थल में जलवायविक दशा प्लैंक्टन के विकास हेतु सहायक होती है जिससे ये क्षेत्र मत्स्यन क्षेत्र की दृष्टि से समृद्ध और महत्वपूर्ण होते हैं। अर्थात् गर्म एवं ठण्डी धाराओं के मिलन स्थल पर प्लैंक्टन का सर्वाधिक उत्पादन होता है इन्हीं प्लैंक्टन को खाने के लिए मछलियां यहां इकट्ठी होती हैं।

**55. Which of the following is/are unique characteristic/characteristics of equatorial forests**
**निम्नलिखित में से कौन-सी, विषुवतीय वनों (Equatorial Forests) की अद्वितीय विशेषता है/विशेषताएँ हैं?**

1. Presence of tall, closely set trees with crowns forming a continuos canopy
ऊँचे, घने वृक्षों की विद्यमानता जिनके किरीट निरंतर वितान बनाते हों
2. Coexistence of a large number of species
बहुत सी जातियों का सह-अस्तित्व हो
3. Presence of numerous varieties of epiphytes
अधिपादपों की असंख्य किस्मों की विद्यमानता हो

**Select the correct answer using the codes give below**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only / केवल / 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – विषुवतीय वन $0^o$ से $5^o$ उत्तरी और दक्षिणी अक्षांश के मध्य पाये जाते हैं। इन वनों की प्रमुख विशेषताएं निम्न हैं –
- ऊँचे घने वृक्षों की विद्यमानता
- विभिन्न जातियों का सहअस्तित्व
- अधिपादपों की असंख्य किस्मों की विद्यमानता।

**56. Which of the following constitute Capital Account?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पूँजीगत लेखा की रचना करते हैं?**

1. Foreign Loans/विदेशी ऋण
2. Foreign Direct Investment /प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
3. Private Remittances/निजी प्रेषित धन
4. Portfolio Investment/पोर्टफोलियो निवेश

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1,2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1,2 and 4 /1, 2 और 4
(c) 2,3 and 4 /2, 3 और 4
(d) 1, 3 and 4 /1, 3 और 4

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – पूँजी खाता वित्तीय लेन-देन से सम्बन्धित है। इसमें निम्न तथ्य शामिल होते हैं–
- अल्प व दीर्घ कालीन अंतरराष्ट्रीय पूँजीगत अन्तरणों
- स्वर्ण का आदान-प्रदान
- निजी भुगतान
- राष्ट्रीय संस्थाओं से सम्बन्धित भुगतान तथा प्राप्तियाँ
- सरकारी ऋण, ब्याज, अनुदान इत्यादि को शामिल किया जाता है।
- पूँजी खाते में सभी लेन-देन केवल वित्तीय अन्तरणों से ही सम्बन्धित होते हैं इसलिए इसका देश के उत्पादन, आय एवं रोजगार पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है।

**57. Consider the following historical places :**
**निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों पर विचार कीजिए –**

1. Ajanta Caves/ अजन्ता की गुफाएँ
2. Lepakshi Temple/ लेपाक्षी मन्दिर
3. Sanchi Stupa/साँची स्तूप

**Which of the above places is/are also knonw for mural paintings ?**
**उपर्युक्त स्थलों में से कौन-सा/से भित्ति चित्रकला के लिए भी जाना जाता है/जाने जाते हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(d) None / कोई नहीं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – साँची, भरहुत, अमरावती स्तूप हैं जबकि अजन्ता, ऐलोरा तथा लेपाक्षी मन्दिर भित्ति चित्रकला के लिए जाने जाते हैं। महात्मा बुद्ध एवं बौद्ध धर्म के नायकों से सम्बन्धित अस्थियों एवं उनके जीवन से संबंधित वस्तुओं के ऊपर बने स्थापत्य को 'स्तूप' कहा गया। अजन्ता एवं एलोरा की गुफाएं औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित हैं। यहाँ बौद्ध, शैव आदि धर्मों से सम्बन्धित चित्र दिखायी देते हैं।

**58. With reference to the history of philosophical thought in India, consider the following statements regarding Sankhya school.**
**भारत में दार्शनिक विचार के इतिहास के सम्बन्ध में, सांख्य सम्प्रदाय (Sankhya School) से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. Sankhya does not accept the theory of rebirth or transmigration of soul.
सांख्य पुनर्जन्म या आत्मा के आवागमन के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

2. Sankhya holds that it is the self-knowledge that leads to liberation and no any exterior influence or agent.
सांख्य की मान्यता है कि आत्म-ज्ञान ही मोक्ष की ओर ले जाता है न कि कोई बाह्य प्रभाव अथवा कारक।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सांख्य अद्वैत वेदान्त से सर्वथा विपरीत मान्यताएं रखने वाला दर्शन है। इसके प्रतिपादक कपिल मुनि थे। सांख्य का शाब्दिक अर्थ 'संख्या संबंधी विश्लेषण' होता है। इस दर्शन के वर्तमान में दो मौलिक ग्रंथ ही उपलब्ध हैं – पहला, छह अध्यायों वाला "सांख्य प्रवचन सूत्र" और दूसरा, सत्तर कारिकाओं वाला "सांख्यकारिका"।

**59. In the context of India, which of the following principles is /are implied institutionally in the parliamentary government ?**
**भारत के संदर्भ में, संसदीय शासन-प्रणाली में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सिद्धान्त संस्थागत रूप में निहित है/हैं?**

1. Members of the Cabinet are Members of the Parliyament.
मंत्रिमण्डल के सदस्य संसद् के सदस्य होते हैं।
2. Ministers hold of the office till they enjoy confidence in the Paliament.
जब तक मंत्रियों को संसद् का विश्वास प्राप्त रहता है तब तक ही वे अपने पद पर बने रहते हैं।
3. Cabinet is headed by the Head of the State.
राज्य का अध्यक्ष ही मंत्रिमंडल का अध्यक्ष होता है।

**Select the correct answer using the codes given beow**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1and 2 only / केवल 1 और 2
(b) 3 only /केवल 3
(c) 2 and 3 /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – संसदीय प्रणाली में मुख्य प्रधानमंत्री होता है। यह प्रणाली भारत में ब्रिटेन से ली गयी है। इसके तहत संविधान द्वारा मंत्रिपरिषद को संसद के प्रति उत्तरदायी बनाया गया है। राज्य का अध्यक्ष राष्ट्रपति होता है न कि प्रधानमंत्री।

**60. The annual range of temperature in the interior of the continents is high as compared to coastal areas. What is / are the reason/ reasons ?**
**महाद्वीपों के अन्तःस्थों (Interior) का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। इसका/इसके क्या कारण है/हैं?**

1. Thermal difference between land and water
भूमि और जल के बीच तापीय अंतर
2. Variation in altitude between continents and oceans
महाद्वीपों और महासागरों के बीच तुंगता में अंतर
3. Presence of strong winds in the interior
अन्तःस्थों में तेज पवनों की विद्यमानता
4. Heavy rains in the interior as compared to coasts
तटों की अपेक्षा अन्तःस्थों में होने वाली भारी वर्षा

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 1 and 2 only / केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/ केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 and 4 / 1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भूमि और जल के बीच तापीय अंतर के कारण महाद्वीपों के अंतःस्थों का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। सूर्यातप से भूमि शीघ्र गर्म हो जाती है, जबकि जल बहुत धीरे-धीरे गर्म होता है, जिससे तटीय क्षेत्रों का मौसम स्थलीय भागों की अपेक्षा ठंडा रहता है।

**61. Which of the following is/are the characteristic/ characteristics of Indian coal ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय कोयले का/के अभिलक्षण है/हैं?**

1. High ash content/ उच्च भस्म अंश
2. Low sulphur content/ निम्न सल्फर अंश
3. Low ash fusion temperature
निम्न भस्म संगलन तापमान

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** –भारतीय कोयले की एक मुख्य विशेषता इसका उच्च भस्म अंश है जो 35 से 45% के बीच मिलता है। साथ ही इसका एक अन्य अभिलक्षण उच्च भस्म संगलन तापमान (1500°C) है। हालांकि भारतीय कोयले में निम्न सल्फर अंश (0.5%) प्राप्त होता है।

**62. Which of the following statements regarding laterite soils of India are correct.**
**भारत की लैटेराइट मिट्टियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. They are generally red in colour.
वे साधारणतः लाल रंग की होती हैं।
2. They are rich in nitrogen and Potash
वे नाइट्रोजन और पोटाश से समृद्ध होती हैं।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

3. They are well-developed in Rajasthan and UP.
उनका राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अच्छा विकास हुआ है।

4. Tapioca and cashew nuts grow well on these soils.
इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1,2 and 3 /1, 2 और 3
(b) 2, 3 and 4 /2, 3 और 4
(c) 1 and 4 /1 और 4
(d) 2 and 3 only /केवल 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – लैटराइट मिट्टी उष्ण कटिबन्ध की प्रारुपिक मिट्टी है जहाँ मौसमी वर्षा होती है यह बहुत ही अपक्षालित मिट्टी है क्रम से भीगने तथा सूखने पर इनका सिलिकामय पदार्थ निक्षालित हो जाता है। इनका लाल रंग लोहे के ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण होता है। ये मिट्टियां सामान्यतः लौह तथा एल्युमिनियम से समृद्ध होती हैं इनमें नाइट्रोजन पोटाश, चूना तथा जैविक पदार्थ की कमी होती हैं। इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी-उपज होती है।

**63. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. Natural gas occurs in the Gondwana beds
प्राकृतिक गैस गोंडवाना संस्तरों में पायी जाती है।

2. Mica occurs in abundance in Kodarma.
अभ्रक प्रचुर मात्रा में कोडरमा में पाया जाता है।

3. Dharwars are famous for petroleum.
धारवाड़ खनिज तेल के लिए प्रसिद्ध है।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3/2 और 3 (d) None /कोई नहीं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – अभ्रक का मुख्य अयस्क पेग्माटाइट है जो आग्नेय एवं कायांतरित चट्टानों में खण्डों के रूप में पाया जाता है। यह खनिज प्रचुर मात्रा में कोडरमा में पाया जाता है। धारवाड़ क्रम धात्विक खनिजों का सबसे बड़ा प्राप्ति स्थल है जबकि गोंडवाना संस्तर में कोयले की प्राप्ति होती है।

**64. Consider the following crops :**
**निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए –**

1. Cotton /कपास
2. Groundnut/मूँगफली
3. Rice/धान
4. Wheat /गेहूँ

**Which of these are Kharif crops ?**
**इनमें से कौन-सी खरीफ की फसलें हैं?**

(a) 1 and 4 /1 और 4
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(d) 2, 3 and 4 / 2, 3 और 4

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत में मुख्य रूप से तीन फसल मौसम हैं- खरीफ, रबी तथा जायद। खरीफ की फसल जून-जुलाई में बोयी जाती है और सितम्बर के अन्त तथा अक्टूबर में काटी जाती है। खरीफ की फसल के तहत चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का, कपास, तिल, गन्ना, सोयाबीन, मूंगफली की फसलें प्रमुख हैं। रबी की फसल अक्टूबर में बोयी जाती है और अप्रैल में काटी जाती है। गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, मटर, सरसों इत्यादि रबी में बोई जाने वाली प्रमुख फसल हैं।

**65. ''Climate is extreme, rainfall is scanty an the people used to be nomadic herders''.**
**''जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे।''**

**The above statement best describes which of the following regions ?**
**उपर्युक्त कथन निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसका सबसे अच्छा वर्णन है?**

(a) African Savannah/अफ्रीकी सवाना
(b) Central Asian Steppe/मध्य एशियाई स्टेप
(c) North American Prairie/उत्तरी अमेरिकी प्रेअरी
(d) Siberian Tundra/साइबेरियाई टुण्ड्रा

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – ''जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे''। यह कथन मध्य एशियाई स्टेप का वर्णन करता है। मध्य एशियाई स्टेप में दम घुटने वाली ग्रीष्म ऋतु होती है, क्योंकि यह क्षेत्र समुद्र से हजारों किमी. दूर है और यहाँ वर्षा नाममात्र की होती है। यहाँ के चलवासी पशुचारकों को खिरगीज कहा जाता है।

**66. Consider the following**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. Inflation benefits the debtors.
मुद्रास्फीति ऋणियों को लाभ पहुँचाती है।

2. Inflation benefits the bond-holders.
मुद्रास्फीति बॉण्ड-धारकों को लाभ पहुँचाती है।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 2 both /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – क्रय शक्ति में कमी के कारण ऋणदाता हानि की स्थिति में होता है जबकि ऋणी को लाभ प्राप्त होता है। क्रय शक्ति में गिरावट के कारण ऋणदाता को जो ब्याज तथा मूलधन के रूप में रुपया प्राप्त होता है उसकी क्रयशक्ति अत्यन्त ही कम होती है इसलिए ऋणदाता को हानि होती है पर ऋणी को लाभ होता है। बॉण्ड धारकों को मुद्रास्फीति में हानि होती है क्योंकि निवेशकों को इससे निश्चित आय मिलती है जिसकी क्रयशक्ति कम होती है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**67. Disguised unemployment generally means**
**प्रच्छन्न बेरोजगारी (Disguised Unemployment) का सामान्यतः अर्थ होता है कि –**

(a) large number of people remain unemployed
लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार रहते हैं

(b) alternative employment is not available
वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है

(c) marginal productivity of labour is zero
श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य है

(d) productivity of workers is low
श्रमिकों की उत्पादकता नीची है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – यदि कुछ श्रमिक एक निश्चित श्रम घण्टा कार्य करके किसी खेत के टुकड़े से अधिकतम उत्पादन करते हैं तथा यदि श्रमिकों की संख्या बढ़ जाय और वे ऐसी स्थिति में भी उतने ही श्रम घण्टा काम करके उतना ही उत्पादन प्राप्त करें तो इसका अर्थ हुआ कि अतिरिक्त श्रमिकों का उत्पादन में योगदान शून्य है। यह प्रच्छन्न बेरोजगारी को प्रदर्शित करता है।

**68. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए** –

1. The Council of Ministers in the Centre shall be collectively responsible to the Parliament.
केंद्र में मंत्रिपरिषद् संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।
2. The Union Ministers shall hold the office during the pleasure of the President of India.
संघीय मंत्री भारत के राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करेंगे।
3. The Prime Minister shall communicate to the President about the proposals for legislation.
विधि-निर्माण हेतु प्रस्ताव के बारे में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को सूचित करेगा।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(3) में स्पष्टतः उल्लेख है कि मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी है न कि संसद के प्रति जबकि अनुच्छेद 75(2) के अनुसार मंत्री व्यक्तिशः राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करेंगे। अनुच्छेद 78 (क) में विधान विषयक प्रस्थापनाओं से संबंधित सभी निर्णय को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सूचित करने का प्रावधान है।

**69. Consider the following statements**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए** –

1. National Development Council is an organ of the Planning Commission
राष्ट्रीय विकास परिषद, योजना आयोग का एक अंग है।
2. The Economic and Social Planning is kept in the Concurrent List in the Constitution of India.
आर्थिक और सामाजिक योजना को भारत के संविधान की समवर्ती सूची में रखा गया है।
2. The Constitution of India prescribes that Panchayats should be assigned the task of preparation of plans for economic development and social justice.
भारत का संविधान यह विहित करता है कि पंचायतों को आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाने का कार्यभार दिया जाना चाहिए।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**–73वें संविधान संशोधन के तहत यह विहित है कि पंचायतों को आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाने का कार्यभार दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना मंत्रिमण्डलीय प्रस्ताव द्वारा 6 अगस्त, 1952 को की गई थी। यह योजना आयोग (नीति आयोग) द्वारा योजना के निर्माण के पश्चात् योजना को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान करता है अर्थात् यह योजना आयोग का अंग नहीं है।

**70. Consider the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए** –

1. The Chairman and the Deputy Chairman of the Rajya Sabha are not the members of that House.
राज्य सभा का सभापति तथा उपसभापति उस सदन के सदस्य नहीं होते।
2. While the nominated members of the two Houses of the Parliament have no voting right in the presidential election, they have the right to vote in the election of the Vice President
जबकि राष्ट्रपति के निर्वाचन में संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्यों का मतदान का कोई अधिकार नहीं होता, उनको उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान का अधिकार होता है।

**Which of the statements given above is/are correct**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 Nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – राष्ट्रपति के चुनाव में संसद के दोनों सदन (राज्यसभा तथा लोक सभा) के निर्वाचित सदस्य तथा विधान सभा के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। जबकि उपराष्ट्रपति के चुनाव में संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा तथा लोक सभा) के सभी सदस्य हिस्सा लेते हैं। राज्य सभा का सभापति उपराष्ट्रपति होता है, जबकि उपसभापति राज्यसभा के सदस्यों में से ही निर्वाचित किया जाता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**71. With reference to National Legal Services Authority, consider the following**
**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (National Legal Service Authority) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. Its objective is to provide free and competent legal services to the weaker sections o the society on the basis of equal opportunity.
   इसका उद्देश्य समान अवसरों के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाएं उपलब्ध कराना है।
2. It issues guidelines for the State Legal Services Authorities to implement the legal programmers and schemes throughout the country.
   यह देश-भर में विधिक कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करता है।

**Which of the statements given above is /are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1 और न ही 2

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन "लीगल सर्विसेज अथारिटीज एक्ट, 1987" के तहत कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु किया गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी कर उस राज्य में कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने तथा लोक अदालतों के गठन को सुनिश्चित करता है।

**72. During a thunderstorm, the thunder in the skies is produced by the**
**तड़ित-झंझा (Thunder Storm) के दौरान, आकाश में तड़ित् किसके/किनके द्वारा उत्पन्न होती है/हैं?**

1. meeting of cumulonimbus clouds in the sky
   आकाश में कपासी वर्षा मेघों के मिलने से
2. lightning that separates the nimbus clouds
   तड़ित् से, जो वर्षा मेघों को पृथक् करती है
3. violent upward movement of air and water particles.
   हवा और जल कणों के ऊपर की ओर तीव्र चलन से

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 /2 और 3
(c) 1 and 3 /1 और 3
(d) None of the above produces the thunder
उपर्युक्त में से कोई भी तड़ित उत्पादित नहीं करता

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – तड़ित झंझा एक तीव्र स्थानीय झंझावत होता है, जिसमें विस्तृत तथा घने कपासी वर्षा मेघ होते हैं और नीचे से ऊपर की ओर प्रबल हवा चलती है। वातावरणीय अस्थिरता अर्थात् न्यून दाब तथा तीव्र संवहनीय वायुधारा के कारण प्रायः तड़ित झंझा उत्पन्न होती है। वास्तव में तड़ित झंझा स्थानीय तूफान होते हैं जिसमें ऊपर की ओर हवाएँ तीव्र गति से चलती हैं, बिजली की चमक तथा मेघगर्जन के साथ-साथ घनघोर वर्षा होती है।

**73. Consider the following pairs :**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –**

| **Tribe/जनजाति** | | **State/राज्य** |
|---|---|---|
| 1. Limboo (Limbu)/लिम्बू | – | Sikkim/सिक्किम |
| 2. Karbi/कार्बी | – | Himchal Pradesh /हिमाचल प्रदेश |
| 3. Dongaria Kondh /डोंगरिया कोंध | – | Odisha/ओडिशा |
| 4. Bonda/बोंडा | – | TamilNadu/तमिलनाडु |

**Which of the above pairs are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(a) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(b) 2 and 4 only /केवल 2 और 4
(c) 1,3 and 4 /केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सही सुमेल है –

| **जनजाति** | **राज्य** |
|---|---|
| लिम्बू | सिक्किम |
| कार्बी | असोम |
| डोंगरिया कोंध | ओडिशा |
| बोंडा | ओडिशा |

**74. Consider the following liquid assests :**
**निम्नलिखित तरल परिसम्पत्तियों (Liquid Assets) पर विचार कीजिए –**

1. Demand deposits with the banks
   बैंकों के पास माँग जमा
2. Time deposits with the banks
   बैंकों के पास सर्वाधिक जमा
3. Savings deposites with the banks
   बैंकों के पास बचत जमा
4. Currency/करेंसी

**The correct sequence of these assets in the decreasing order of liquidity is**
**इन परिसम्पत्तियों का, तरलता के घटते हुए क्रम में, सही अनुक्रम है –**

(a) 1-4-3-2 (b) 4-3-2-1
(c) 2-3-2-1 (d) 4-1-3-2

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – तरलता के आधार पर परिसम्पत्तियों का अनुक्रम घटते क्रम में इस प्रकार होगा – करेन्सी > बैंकों के पास मांग जमा > बैंकों के पास बचत जमा > बैंकों के पास सर्वाधिक जमा।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**75. In the context of Indian economy,'Open Market Operations' refers to**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, 'खुला बाजार प्रचालन' (Open Market Operations) किसे निर्दिष्ट करता है?**

(a) borrowing by scheduled banks from the RBI
अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना

(b) lending by commercial banks to industry and trade
वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना

(c) purchase and sales of government securities by the RBI
RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – खुले बाजार की क्रियाओं से आशय केन्द्रीय बैंक द्वारा बाजार में प्रतिभूतियों, ऋण पत्रों तथा बिलों के क्रय विक्रय से है। केन्द्रीय बैंक द्वारा प्रतिभूतियों को बेचने से बाजार में मुद्रा की मात्रा कम हो जाती है जिससे साख का सन्तुलन होता है और प्रतिभूतियों के खरीदे जाने से बाजार में मुद्रा की मात्रा बढ़ती है तथा साख का विस्तार हो जाता है।

**76. Priority Sector lending by banks in India constitutes the leading to /**
**भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र (Priority Sector) ऋणदान से तात्पर्य किसको ऋण देने से है?**

(a) agriculture/कृषि

(b) micro and small enterprises
/लघु (माइक्रो) एवं छोटे उद्यम

(c) weaker sections/दुर्बल वर्ग

(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर बैंकों के लिए प्राथमिक क्षेत्र ऋणदान के लिए दिशा निर्देश जारी किया जाता है जिसका उद्देश्य उक्त क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता के आधार पर बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराना है, जिसमें शामिल हैं- कृषि, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, दुर्बल वर्ग, छोटे व्यवसाय और सेवा उपक्रम, सूक्ष्म साख शैक्षिण ऋण और आवासीय ऋण इत्यादि।

**77. Which one among the following industries is the maximum consumer of water in India ?**
**भारत में निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सा एक, पानी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है?**

(a) Engineering/अभियांत्रिकी

(b) Paper and plup/कागज एवं लुग्दी

(c) Textiles /वस्त्रोद्योग

(d) Thermal power/ताप शक्ति

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार 30 अगस्त 2019 तक भारत में 269 ताप शक्ति प्लांट क्रियाशील हैं जिनके द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा कुल उपभोग किए गए पानी का 87.8 प्रतिशत उपभोग किया जाता है। उल्लेखनीय है कि द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) ने एक अध्ययन में इस तथ्य का उल्लेख किया है।

**78. To obtain full benefits of demographic dividend, what should India do ?**
**जनांकिकीय लाभांश (Demographic Dividend) के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए?**

(a) Promoting skill development
कुशलता विकास का प्रोत्साहन

(b) Introducing more social seurity schemes
और अधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रारम्भ

(c) Reducing infant mortality rate
शिशु मृत्यु दर में कमी

(d) Privatization of higher education
उच्च शिक्षा का निजीकरण

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – जनसंख्या ढाँचे में बढ़ती युवा तथा कार्यशील जनसंख्या (15 वर्ष से 59 वर्ष आयु) तथा घटते आश्रितता अनुपात के परिणामस्वरूप उत्पादन में बड़ी मात्रा के सृजन में योगदान करना जनांकिकीय लाभांश कहलाता है। इसके पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिए कुशलता विकास को प्रोत्साहन देकर ही मानव संसाधन का कुशलतम दोहन किया जा सकता है, जिससे युवा शक्ति अंततः देश को विश्व शक्ति बनाने हेतु मार्ग प्रशस्त कर पायेगी।

**79. In the context of cultural history of India, a pose in dance and dramatics called Tribhanga' has been a favorite of Indian artists from ancient times till today. Which one of the following statements best describes this pose?**
**भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, नृत्य एवं नाट्य-कला की एक मुद्रा जिसे 'त्रिभंग' कहा जाता है, प्राचीन काल से आज तक भारतीय कलाकारों को अतिप्रिय रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन इस मुद्रा को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?**

(a) One leg is bent and the body is slightly but oppositely curvd at waist and neck
एक पाँव मोड़ा जाता है और देह थोड़ी किन्तु विपरीत दिशा में कटि एवं ग्रीवा पर वक्र की जाती है

(b) Facial expressions, hand gesturews and make up are combined to symbolize certain epic or historic characters
मुख अभिव्यंजनाएं, हस्तमुद्राएं एवं आसज्जा कतिपय महाकाव्य अथवा ऐतिहासिक पात्रों को प्रतीकात्मक रूप में व्यक्त करने के लिए संयोजित की जाती हैं

(c) Movements of body, face and hand are used to express oneself or to tell a story
देह, मुख एवं हस्तों की गति का प्रयोग स्वयं को अभिव्यक्त करने अथवा एक कथा कहने के लिए किया जाता है

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(d) A little smile, slightly curved waist and certain hand gestures are emphasized to express the feelings of love or eroticism
मंद स्थिति, थोड़ी वक्र कटि एवं कतिपय हस्तमुद्राओं पर बल दिया जाता है, प्रेम एवं शृंगार की अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने के लिए

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भ में त्रिभंग नृत्य एवं नाट्य कला की एक विशिष्ट मुद्रा है। त्रिभंग का शाब्दिक अर्थ तीन भागों में विभक्त करना है। यह ओडिसी नृत्य की सबसे आकर्षक मुद्रा है जिसमें नर्तकी शरीर को तीन भागों में मोड़ता है – गर्दन, कमर तथा घुटने पर।

**80. Annie Besat was/एनी बेसेंट –**

1. responsible for starting the Home Rule Movement
होम रूल आन्दोलन प्रारम्भ करने के लिए उत्तरदायी थीं
2. the founder of the Theosophical Society
थियोसोफिकल सोसाइटी की संस्थापिका थीं
3. once the President of the Indian National Congress
इंडियन नेशनल कॉंग्रेस की एक बार अध्यक्षा थीं

**Select the correct statement/statements using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए** –

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – होमरुल लीग की स्थापना की योजना मूलतः एनी बेसेन्ट द्वारा बनायी गयी थी। इन्होंने इसकी स्थापना सितम्बर 1916 में की तथा अपने पत्र 'कामनवील' और 'न्यू इण्डिया' द्वारा लीग के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1917 के कलकत्ता अधिवेशन में अध्यक्षा के रूप में चुनी गयीं। थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना वर्ष 1875 में कर्नल एच.एस. ओल्काट तथा मैडम ब्लैवेत्स्की द्वारा अमेरिका (न्यूयॉर्क) में किया गया था। वर्ष 1882 में, सोसाइटी का मुख्यालय भारत में मद्रास (वर्तमान में चेन्नई) के पास अड्यार में स्थापित किया गया था।

**81. The Ilbert Bill controversy was related to the**
**इलबर्ट बिल विवाद किससे सम्बन्धित था?**

(a) imposition of certain restrictions to carry arms by the Indians
भारतीयों द्वारा हथियार लेकर चलने पर कुछ प्रतिबन्धों का लागू किया जाना
(b) imposition of restrictions on newspapers and magazines published in Indian languages
भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं पर प्रतिबन्ध लागू किया जाना
(c) removal of disqualificaions imposed on the Indian magistrates with regard to the trial of the Equopeans
यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिए भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं का हटाया जाना
(d) removal of a duty on imported cotton cloth
आयातित सूती कपड़े पर लगाए गए शुल्क का हटाया जाना

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – वर्ष 1883 में वायसराय लॉर्ड रिपन के विधि सदस्य सर सी.पी.इल्बर्ट द्वारा यह बिल पेश किया गया जिसका उद्देश्य कानूनी भेदभाव को समाप्त कर भारतीय न्यायाधीशों को भी अंग्रेज अभियुक्तों के मामले पर विचार करने का अधिकार दिया जाना था। भारत में रहने वाले अंग्रेजों ने इस बिल का तीव्र विरोध किया जिसके कारण इस बिल को वापस लेना पड़ा।

**82. A rise in general levle of prices may be caused by**
**सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोत्तरी निम्नलिखित में से किस/किन कारण/कारणों से हो सकती है/हैं?**

1. an increase in the money supply
मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि
2. a decrease in the aggregate level of output
उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
3. an increase in the effective demand
प्रभावी माँग में वृद्धि

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए** –

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मुद्रा स्फीति अर्थात् सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोत्तरी किसी एक निश्चित कारण से ही उत्पन्न नहीं होती है बल्कि यह समय-समय पर तत्कालीन कारणों से उत्पन्न होती रहती है। परन्तु सामान्यतया मुद्रा स्फीति के बढ़ने के तीन महत्वपूर्ण कारण हैं-(1) बाजार में तरलता (मुद्रा) की पूर्ति में वृद्धि, (2) उत्पादन के सभी स्तरों पर गिरावट तथा (3) वस्तु की पूर्ति की तुलना में प्रभावी मांग में वृद्धि।

**83. Which one of the following groups of items is included in India's foreign-exchange reserves ?**
**भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि (Foreign Exchange Reserve) में निम्नलिखित में से कौन-सा एक मदसमूह सम्मिलित है?**

(a) Foreign-currency assets, Special Drawing Rights (SDRs) and loans from foreign countries.
विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.) तथा विदेशों से ऋण
(b) Foreign-currency assets, gold holdings of the RBI and SDRs.
विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.)
(c) Foreign-currency assets, loans from the World Bank and SDRs.
विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विश्व बैंक से ऋण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.)

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(d) Foreign-currency assets, gold holdings of the RBI and loans from the World Bank
विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विश्व बैंक से ऋण

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारत की विदेशी मुद्रा में आरक्षित निधि है – विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति (डॉलर, पौण्ड, यूरो एवं येन) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण मुद्रा व एस.डी.आर.। एस.डी.आर. को स्वर्ण पत्र मुद्रा के नाम से भी जाना जाता है। एस.डी.आर. लेन-देन की कोई भौतिक इकाई नहीं है, व्यवहार के बाद विभिन्न देशों के खातों में यह समायोजन की इकाई है।

**84. Which one of the following is likely to be the the most inflationary in its effect ?**
**निम्नलिखित में से किस एक को अपने प्रभाव में सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की सम्भावना है?**

(a) Repayment of public debt
लोक ऋण की चुकौती

(b) Borrowing from the public to finance a budget deficit
बजट घाटे के वित्तीयन के लिए जनता से ऋणादान

(c) Borrowing from banks to finace a budget deficit
बजट घाटे के वित्तीयन के लिए बैंकों से ऋणादान

(d) Creating new money to finance a budget deficit
बजट घाटे के वित्तीयन के लिए नई मुद्रा का सृजन

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मूल्य स्तर किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं के औसत मूल्यों को व्यक्त करता है। किसी एक वर्ष को आधार वर्ष मानकर चालू वर्ष के मूल्यों के संबंध में सूचकांक प्राप्त करते हैं आधार वर्ष की तुलना में मूल्य स्तर में वृद्धि की दर ही स्फीति की दर प्रदर्शित करेगी। जब सरकार बजट घाटा के तहत नई मुद्रा का सृजन करती है तो यह स्फीति को सर्वाधिक बढ़ावा देती है तथा इसके सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की सम्भावना रहती है।

**85. Supply of money remaining the same when there is an increae indemand for money, there will be**
**मुद्रा की पूर्ति (Supply of Money) यथावत् रहने पर यदि मुद्रा की माँग में वृद्धि होती है, तो –**

(a) a fall in the level of prices
कीमत-स्तर में गिरावट आ जाएगी


(b) an increase in the rate of interest
ब्याज की दर में वृद्धि हो जाएगी

(c) a decrease in the rate of interest
ब्याज की दर में कमी हो जाएगी

(d) an increase in the level of icome and employment
आय और रोजगार के स्तर में वृद्धि हो जाएगी

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मुद्रा बाजार में, मुद्रा की पूर्ति तथा मुद्रा की माँग द्वारा ब्याज की दर निर्धारित होती है। मुद्रा की पूर्ति अपरिवर्तित रहने पर यदि मुद्रा की माँग में वृद्धि होती है तो ब्याज की दर में वृद्धि होगी। इसे रेखाचित्र द्वारा समझा जा सकता है।




**86. Fruits stored in a cold chamber exhibit longer storage life because**
**शीत कोष्ठ (Cold Chamber) में भण्डारित फल अधिक समय तक चलते हैं, क्योंकि –**

(a) exposure to sunlight is prevented
सूरज की रोशनी नहीं पड़ने दी जाती है

(b) concentration of carbon dioxide in the environment is increased
पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सान्द्रता बढ़ा दी जाती है

(c) rate of repiration is decreased
श्वसन की दर घटा दी जाती है

(d) there is an increase in humidity
आर्द्रता बढ़ जाती है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – शीत कोष्ठ में भण्डारित फल अधिक समय तक चलते है क्योंकि तापमान गिरने के साथ उनकी श्वसन की दर घट जाती है। जब फल सांस लेते हैं तो वे ऐथिलीन छोड़ते हैं जो फलों को पकने में मदद करता है। फलों को शीत कोष्ठ में भण्डारित करने से एथिलीन के उत्पादन की दर कम हो जाती है अतः फल अधिक समय तक चलते हैं।

**87. Consider the following fauna of India :**
**निम्नलिखित भारतीय प्राणिजात पर विचार कीजिए –**

1. Gharial/घड़ियाल
2. Leatherback turtle/चर्मपीठ कूर्म (लेदरबैक टर्टल)
3. Swamp deer /अनूप मृग

**Which of the above is/are endangered ?**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से संकटापन्न है/हैं?**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 3 only /केवल 3
(c) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(d) None /कोई नहीं

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – भारतीय प्राणिजात में घड़ियाल को IUCN द्वारा संकटापन्न प्रजाति घोषित किया गया है। निकोबार द्वीप के समीप मिलने वाला विश्व का सर्वाधिक संकटापन्न सागरीय कछुआ चर्मपीठ कूर्म (लेदर बैक टर्टल) है। तथा मध्य एवं उत्तरी भारत में मिलने वाला अनूप हिरण भी एक संकटापन्न प्रजाति है। अतः सही उत्तर (c) होगा।

**88. Ball bearings are used in bicycles, cars, etc. because**
**साइकिल और कारों में बॉल-बेयरिंग का प्रयोग होता है, क्योंकि –**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(a) The actual area of contact between the wheel and axle is increased
पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का वास्तविक क्षेत्र बढ़ जाता है

(b) The effective area of contact between the wheel and axle is incrased
पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र बढ़ जाता है

(c) The effective area of contact between the whell and axle is reduced
पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र घट जाता है

(d) None of the above statements is correct
उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – साइकिल तथा कार में बॉल बेयरिंग का प्रयोग किया जाता है। यह संपर्क के प्रभावी क्षेत्र को कम कर देता है जिससे घर्षण में कमी हो जाती है तथा साइकिल और कार की गति बढ़ जाती है।

**89. Consider the following phenomena :**
**निम्नलिखित परिघटनाओं पर विचार कीजिए –**

1. Size of the sun at dusk
गोधूलि में सूर्य का आमाप
2. Colour of the sun at dawn
ऊषाकाल में सूर्य का रंग
3. Moon being visible at dawn
ऊषाकाल में चन्द्रमा का दिखना
4. Twinkle of stars in the sky
आकाश में तारों का टिमटिमाना
5. Polestar being visible in the sky
आकाश में ध्रुवतारे का दिखना

**Which of the above are optical illusions ?**
**उपर्युक्त में से कौन-से दृष्टिभ्रम हैं?**

(a) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3
(b) 3, 4 and 5 /3, 4 और 5
(c) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(d) 2, 3 and 5 /2, 3 और 5

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – निम्न दृष्टि भ्रम हैं – तारों का टिमटिमाना, सूर्योदय व सूर्यास्त के समय सूर्य का लाल दिखना ये प्रकाश के अपवर्तन के कारण संपन्न होती है, जबकि ध्रुवतारा व उषाकाल में चन्द्रमा का दिखना वास्तविक परिदृश्य है।

**90. Rainbow is produced when sunlight falls on drops of rain . Which of the following physical phenomena are responsible for this ?**
**जब धूप वर्षा की बूँदों पर गिरती है, तो इन्द्रधनुष बनता है। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक परिघटनाएं जिम्मेदार हैं?**

1. Dispersion/परिक्षेपण
2. Refraction/अपवर्तन
3. Internal reflection/आन्तरिक परावर्तन

**Select the correct answer using the codes given below**
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 /केवल 1 और 3
(d) 1,2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – जब सूर्य का प्रकाश वायुमण्डल से अपरिवर्तित होता है तब वर्षा की बूंदें प्रकाश को सात रंगों में विक्षेपण करती हैं जिससे प्राथमिक इन्द्रधनुष उत्पन्न होता है, द्वितीयक इन्द्रधनुष प्रकाश के आन्तरिक परावर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न होता है।

**91. Many transplanted seedlings do not grow because**
**कई प्रतिरोपित पौधे (Transplanted Seedlings) इसलिए नहीं बढ़ते हैं, क्योंकि –**

(a) the new soil does not contain favourable minerals
नई मिट्टी में इष्ट खनिज पदार्थ नहीं रहते हैं

(b) most of the root hairs grip the new soil too hard
अधिकांश मूल रोम नई मिट्टी को अधिक सख्ती से जकड़ लेते हैं

(c) most of the root hairs are lost during transplantation
प्रतिरोपण के दौरान अधिकांश मूल रोम नष्ट हो जाते हैं

(d) leaves get damaged during transplantation
प्रतिरोपण के दौरान पत्तियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रतिरोपण के दौरान मूलरोम के नष्ट हो जाने के कारण प्रतिरोपित पौधे प्रायः नहीं बढ़ पाते हैं। पौधों में जाइलम व फ्लोएम नामक दो महत्वपूर्ण ऊतक पाए जाते हैं। जाइलम जल एवं खनिज लवणों का संवहन तथा पत्तियों द्वारा बनाए गए भोजन को पौधे के हर हिस्से में पहुँचाना, यह कार्य फ्लोएम का होता है और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा पौधे अपना भोजन बनाते हैं। जब पौधे प्रतिरोपित होते हैं तो इसके कई कारण हैं जिससे वे बढ़ नहीं पाते। वे कारण हैं – प्रतिरोपण के दौरान मूल रोगों का नष्ट होना, प्रकाश संश्लेषण की क्रिया न कर पाना, जड़ में खनिज लवण का अभाव आदि ऐसे कारक हैं जो पौधों को पनपने में बाधा पहुँचाते हैं।

**92. Economic growth in country X will necessarily have to occur if**
**X देश में आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से होगी, यदि –**

(a) there is technical progress in the world economy
विश्व अर्थव्यवस्था में तकनीकी प्रगति होती है

(b) there is population growth in X
X में जनसंख्या वृद्धि होती है

(c) there is capital formation in X
X में पूँजी निर्माण होता है

(d) The volume of trade grows in the world economy.
विश्व अर्थव्यवस्था में व्यापार की मात्रा बढ़ती है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – आर्थिक संवृद्धि उत्पादन की वृद्धि से सम्बन्धित है जिसमें कि परिमाणात्मक परिवर्तन होते हैं जो कि श्रम-शक्ति, उपभोग, पूँजी निर्माण तथा व्यापार की मात्रा में प्रसार के साथ होता है। अर्थात् आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से तब होती है जब अर्थव्यवस्था में पूँजी निर्माण होता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**93. Which of the following statements is/are correct ?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. Viruses lack enzymes necessary for the generation of energy
विषाणुओं में ऊर्जा-उत्पादन के लिए आवश्यक एंजाइम नहीं होते।
2. Viruses can be cultured in any synthetic medium
विषाणुओं को किसी भी संश्लेषित माध्यम से संवर्धित किया जा सकता है।
3 Viruses are transmitted from one organism to another by biological vectors only.
विषाणुओं का एक जीव से दूसरे जीव में संचारण केवल जैवकीय संवाहकों द्वारा ही होता है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – विषाणु स्वतः ऊर्जा उत्पादन में सक्षम नहीं हैं क्योंकि आवश्यक एंजाइमों का अभाव होता है। तथा इन्हें किसी भी संश्लेषित माध्यम से संवर्धित नहीं किया जा सकता इसके अतिरिक्त इनका संचरण जैवकीय और अजैवकीय दोनों प्रकार के संवाहकों द्वारा होता है।

**94. Which of the following leaf modifications occurs/occur in desert areas to inhibit water loss**
**मरुस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्ण रूपान्तरण होता है/होते हैं?**

1. Hard and waxy leaves /कठोर एवं मोमी पर्ण
2. Tiny leaves or no leaves /लघु पर्ण अथवा पर्णहीनता
3. Thorns instead of leaves /पर्ण की जगह काँटें

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1,2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मरुस्थल में जल हानि को रोकने के लिए तीन कारक हैं जो इस प्रकार हैं – कठोर एवं मोमी पर्ण, लघु पर्ण अथवा पर्णहीनता, पर्ण के स्थान पर काँटे। चूंकि मरूस्थलीय भूमि में पानी की कमी होती है, पौधों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी की अनुकूलता को बनाए रखने के लिए पानी का उत्सर्जन न्यूनतम हो, इसके लिए मरुस्थलीय पौधों की छाल कठोर एवं पत्ते काटों के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं।

**95. The known forces of nature can be divided into four classes, viz., gravity, electromagnetism, weak nuclear force and strong nuclear force. With reference to them, which one of the following statements is not correct ?**
**प्रकृति के ज्ञात बलों को चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे कि गुरुत्व, विद्युत चुम्बकत्व, दुर्बल नाभिकीय बल और प्रबल नाभिकीय बल। उनके संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक सही नहीं है?**

(a) Gravity is the strongest of the four
गुरुत्व, चारों में सबसे प्रबल है
(b) Electromagnetis acts only on particles with an electric charge
विद्युत-चुम्बकत्व सिर्फ विद्युत आवेश वाले कणों पर क्रिया करता है
(c) Weak nuclear force causes radioactivity
दुर्बल नाभिकीय बल विघटनाभिकता का कारण है
(d) Strong nuclear force holds protons and neutrons inside the nucleus of an atom /
प्रबल नाभिकीय बल परमाणु के केंद्रक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों को धारित किये रखता है

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रकृति के ज्ञात बलों को चार वर्गों में विभाजित किया गया है। ये बल गुरुत्व बल, विद्युत चुम्बकत्व बल, दुर्बल नाभिकीय बल तथा प्रबल नाभिकीय बल हैं। इन बलों का घटता क्रम इस प्रकार है –प्रबल नाभिकीय बल > विद्युत चुम्बकत्व बल > दुर्बल नाभिकीय बल > गुरुत्व बल।

**96. The efforts to detect the existence of Higgs boson particle have become frequent news in the recent past. What is / are the importance/ importances of discovering this particle ?**
**निकट अतीत में हिग्स बोसॉन कण के अस्तित्व के संसूचन के लिए किये गये प्रयत्न लगातार समाचारों में रहे हैं। इस कण की खोज का क्या महत्त्व है?**

1. It will enable us to understand as to why elementary particles have mass.
यह हमें यह समझने में मदद करेगा कि मूल कणों की संहति क्यों होती है।
2. It will enable us in the near future to develop the technology of transferring matter from one point to another without traversing the physical space between them .
यह निकट भविष्य में हमें दो बिन्दुओं के बीच के भौतिक अन्तराल को पार किये बिना एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक पदार्थ स्थानान्तरित करने की प्रौद्योगिकी विकसित करने में मदद करेगा।
3. It will enable us to create better fuels for nuclear fission.
यह हमें नाभिकीय विखण्डन के लिए बेहतर ईंधन उत्पन्न करने में मदद करेगा।

**Select the correct answer using the codes fuels for nuclear fission.**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

उत्तर – (a)

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**व्याख्या**–निकट अतीत में हिग्स बोसॉन कण के अस्तित्व के संसूचन के लिए किये गये प्रयत्न लगातार चर्चित रहे हैं, क्योंकि ये हमें यह समझने में सहायता करेंगे कि मूल कणों में संहति क्यों होती है।

**97. Mycorrhizal biotechnology has been used in rehabilitating degraded sites because mycorrhiza enables the plants to**
**कवकमूलीय (माइकोराइजल) जैव प्रौद्योगिकी (Mycorrhizal Bio Technology) को निम्नीकृत स्थलों के पुनर्वासन में उपयोग में लाया गया है, क्योंकि कवकमूल के द्वारा पौधों में–**

1. resist drought and increase absorptive area
   सूखे का प्रतिरोध करने एवं अवशोषण क्षेत्र बढ़ाने की क्षमता आ जाती है।
2. tolerate extremes of pH
   pH की अतिसीमाओं को सहन करने की क्षमता आ जाती है।
3. resist disease infestation
   रोगग्रस्तता से प्रतिरोध की क्षमता आ जाती है।

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – कवकमूलीय (माइको राइजल) जैव प्रौद्योगिकी को निम्नीकृत स्थलों के पुनर्वासन में उपयोग में लाया जाता है। इनसे सूखे का प्रतिरोध करने एवं अवशोषण क्षेत्र बढ़ाने की क्षमता आ जाती है। पी.एच. pH की अति सीमाओं को सहन करने तथा रोगग्रस्तता से प्रतिरोध की क्षमता आ जाती है।

**98. Who among the following constitute the National Development Council ?**
**निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद् (National Development Council) की रचना करते हैं?**

1. The Prime Minister /प्रधानमंत्री
2. The Chairman Finance Commission
   अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. Ministers of the Union Cabinet
   संघीय मंत्रिमण्डल के मंत्रिगण
4. Chief Ministers of the States
   राज्यों के मुख्यमंत्री

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2 and 3 only /केवल 1, 2 और 3
(b) 1, 3 and 4 only /केवल 1, 3 और 4
(c) 2 and 4 only /केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3, and 4 /1, 2, 3 और 4

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 6 अगस्त, 1952 को सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा गैर सांविधिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय विकास परिषद् (National Development Council) का गठन किया गया। इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। प्रारम्भ में राज्यों के मुख्यमंत्री ही इसके सदस्य होते थे। हालांकि, 1967 के पश्चात् से केन्द्रीय मंत्रिपरिषद एवं योजना आयोग के सभी सदस्य तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक भी इसके सदस्य होते हैं।

**99. The national income of a country for a given period is equal to the**
**किसी दी गई अवधि के लिए एक देश की राष्ट्रीय आय –**

(a) total value of goods and services produced by the nationals
    नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी
(b) Sum of total consumption and investment expenditure
    कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी
(c) sum of personal income of all individuals.
    सभी व्यक्तियों की व्यक्तिगत आय के योग के बराबर होगी
(d) money value of final goods and services produced .
    उत्पादित अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – राष्ट्रीय आय से अभिप्राय एक राष्ट्र की एक वर्ष में आर्थिक क्रियाओं के फलस्वरूप उत्पादित अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग से होता है। इसमें उन समस्त अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्यों को सम्मिलित किया जाता है जो देश के सामान्य निवासियों द्वारा घरेलू सीमा में अथवा इसके बाहर रहकर उत्पादित की गई हैं। इसमें विदेशों से अर्जित साधन आय को भी सम्मिलित किया जाता है।

**100. Which of the following grants / grant direct credit assistance to rural households ?**
**ग्रामीण परिवारों को निम्नलिखित में से कौन सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है/करते हैं?**

1. Regional Rural Banks/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2. National Bank for Agriculture and Rural Development
   कृषि और ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक
3. Land Development Banks /भूमि विकास बैंक

**Select the correct answer using the codes given below :**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(b) 2 only /केवल 2
(c) 1 and 3 only /केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3 /1, 2 और 3

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – नाबार्ड (NABARD) ग्रामीण परिवारों को सीधे कोई सेवा-सुविधा प्रदान नहीं करता बल्कि यह वाणिज्यिक, सहकारी तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से पुनर्वित्तीयन करता है। भूमि विकास बैंक ग्रामीण साख की दीर्घकालीन आवश्यकता की पूर्ति करते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक समाज के कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करता है। अतः विकल्प (c) सही होगा।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com